

दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-78 | सीहोर, शुक्रवार 09 मई 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## जम्मू में पाकिस्तान ने किया ड्रोन से मिसाइल हमला, भारतीय सेना ने मार गिराए 8 ड्रोन



नई दिल्ली (ए.) । पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार रात जम्मू में एकसाथ कई ड्रोन हमले किए। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना ने जम्मू में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के लिए मिसाइलों से यह हमला किया। पहले से ही पूरी तरह सतर्क भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के आठ ड्रोन मार गिराए। रात को पूरे जम्मू-कश्मीर में ब्लैकआउट कर दिया गया और लोग घरों और इमारतों के भीतर सिमट गए। देर रात तक बड़े-बड़े धमाकों की गूंज साफ सुनाई दे रही थी। वहीं, जम्मू के साथ श्रीनगर एयरपोर्ट और सेना व वायुसेना पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। पाकिस्तान का पहला हमला रात करीब 8:15 बजे हुआ। जम्मू, सतवारी, आरएसपुरा, अरनिया, सांबा में आसमान में पाकिस्तानी ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइलें साफ नजर आ रहीं थीं। सुरक्षा बलों ने भारी कड़े सुरक्षा घेरे वाले जम्मू हवाई अड्डे के पास पाकिस्तानी ड्रोन देखे। जम्मू हवाई अड्डे के आसपास दो शक्तिशाली विस्फोटों की आवाज सुनाई देने के तुरंत बाद जम्मू में बिजली गुल हो गई। कुछ ही पल में भारत का एयर डिफेंस सिस्टम भी सक्रिय हो गया और भारतीय ड्रोन रोधी प्रणाली आसमन में नजर आई। दुश्मन के एक-एक कर ड्रोन गिराए जाने लगे। पाकिस्तान के दो ड्रोन शहर के बीचों बीच स्थित जम्मू विश्वविद्यालय परिसर में गिरे। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ड्रोन को हवाई अड्डे के बाहर गिरते देखा गया।

### भारतीय सेना ने जैसलमेर में पाकिस्तान का F-16 मार गिराया, जालंधर में ड्रोन गिराया, पंजाब, राजस्थान में ब्लैक आउट

भारतीय सेना द्वारा 6 मई की मध्य रात्रि किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव बहुत बढ़ गया है। पाकिस्तान की बौखलाहट भी बढ़ गई है। इसके चलते तनातनी के बीच ताजा खबर सामने आई है कि पाकिस्तान ने जम्मू को निशाना बनाकर गोलाबारी की है। भारतीय वायु रक्षा तोपें जवाबी फायरिंग कर रही है। पाकिस्तान ने सुसाइड ड्रोन्स से हमला करने की कोशिश की।

इसके लिए जम्मू एयरपोर्ट-पठानकोट एयरबेस को निशाना बनाया गया। लेकिन भारत के S-400 ने सभी को मार गिराया। दूसरी तरफ राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान का स्न-16 भी धराशायी कर दिया गया है। पाकिस्तान की हर चाल का सामना करने के लिए देश की सेना तैयार है और मुस्तैद है। अगर पाकिस्तान किसी तरह की गोलीबारी करता है तो सेना के जाबांज उसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।जालंधर के सूरानस्सी इलाके में एक ड्रोन मार गिराया गया है। रात करीब नौ बजे दो से तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। सूरानस्सी के पास सेना का आयुद्ध भंडार है। बुधवार की रात को भी जालंधर की ओर आई एक मिसाइल को मार गिराया गया था।

## भारत को एक और सफलता, कंधार हाईजैक कांड का मास्टरमाइंड ढेर

इस्लामाबाद,(ए)। आपरेशन सिंदूर को लेकर नया अपडेट सामने आया है। खबर है कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी रऊफ अजहर की मौत हो गई है। रऊफ असगर IC-814 प्लेन हाई जैक जिसे कंधार प्लेन हाई जैक के नाम से जाना जाता है उसका मास्टरमाइंड था। बुधवार को रऊफ अजहर ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ाता नजर आया था। भारत ने पहलगाम हमले के बाद फिर दोहराया था कि वो आतंकियों को घर में घुस कर मारेगा। रऊफ की मौत इसी का एक और उदाहरण है। रऊफ कंधार हाईजैक का मास्टरमाइंड था। कई आतंकी हमलों में उसका नाम सामने आया था। इससे पहले मंगलवार देर रात भारत सरकार की सैन्य कार्रवाई में मसूद अजहर का कुनबा उजड़ गया था। भारत की एयरस्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए थे जबकि उसके चार गुर्गे भी ढेर हो गए थे। इन घायलों में रऊफ भी था।






जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर बहाली के प्रयास जारी हैं, जो रामबन जिले में भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया था।

## पाकिस्तान का एफ-16 भारत ने मार गिराया, भारत के फाइटर विमानों ने जम्मू से उड़ान भरी



नई दिल्ली (ए)। भारत ने पाकिस्तान का एफ-16 विमान मार गिराया है। वहीं देर रात भारत के फाइटर विमानों ने जम्मू से उड़ान भरी। पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में किए गए ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर में ब्लैक आउट कर दिया गया है। कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। दरअसल जम्मू में पाकिस्तान ने कई जगह पर ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की है। कुछ स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान के इस ड्रोन अटैक के वीडियो बनाए हैं। आसमान में लाल रोशनियां तैरती हुई दिखाई दे रही हैं। जानकारी के मुताबिक पूरी तरह से मुस्तैद भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने इस हमले को नाकाम कर दिया है।

### पाकिस्तान पर भारत का जवाबी हमला, पाकिस्तानी पंजाब, फैसलाबाद और सरगोधा का डिफेंस सिस्टम तबाह



नई दिल्ली (ए)। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में पाकिस्तान के हवाई हमले के बाद अब भारत ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। भारत ने लाहौरऔर सियालकोट में हवाई हमला किया है। ताजा जानकारी के अनुसार, भारत ने लाहौर में हवाई हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान के पंजाब का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया गया है। वहीं, सियालकोट और फैसलाबाद का भी डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया है। पाकिस्तान के सरगोधा का भी डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया गया है।

**पाकिस्तान ने भारत पर किया था हमला**

इससे पहले पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में मिसाइलें और ड्रोन से हमला किया। भारत ने पाकिस्तान के हवाई हमले को नाकाम बना दिया। जानकारी के अनुसर, जम्मू-कश्मीर के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया पर आठ मिसाइलें दागीं और सभी को वायु रक्षा इकाइयों ने रोककर निष्क्रिय कर दिया। उधमपुर में भारतीय वायु रक्षा द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोकने पर विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

## भारत ने पाकिस्तान पर फिर किया हमला, मिसाइल लॉन्चर से एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह



श्रीनगर (आरएनएस)। भारत ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। ताजा जानकारी सामने आ रही है कि भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस यूनिट पर मिसाइल लॉन्चर से हमला किया है। जिससे एयर डिफेंस यूनिट पूरी तरह से तबाह हो गई है। हालांकि इस हमले में कोई जानमाल का नुक्सान हुआ है या नहीं, अभी इसके बारे में पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि एयर डिफेंस यूनिट पर हमले के बाद अफरातफरी मची हुई है।

इससे पहले भारत ने पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर (पीओके) में मिसाइलों से हमला करते हुए नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। भारतीय सेना और वायुसेना ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालयों पर धावा बोलकर उन्हें ध्वस्त किया। ये ठिकाने पाकिस्तान के सबसे बड़े आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर का अभेद्य किला माने जाते थे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने आज संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित विपक्ष के कई दिग्गज नेता मौजूद थे। बैठक में राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं।

### भारत के सुदर्शन चक्र ने पाक की अक्ल लगाई ठिकाने, सारे हमले चंद मिनटों में हुए विफल

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान ने कल रात भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश तो की लेकिन भारत के एस-400 डिफेंस सिस्टम ने पाक की साजिश को विफल कर दिया। भारत को नुकसान पहुंचाने के चक्कर में पाकिस्तान को अपने डिफेंस सिस्टम से हाथ गंवाने पड़े। दरअसल भारत ने लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय कर दिया। S-400 की सबसे बड़ी खासियत इसका मोबाइल होना है। यानी रोड के जरिए इसे कहीं भी लाया ले जाया जा सकता है। इसमें 92N6E इलेक्ट्रॉनिकली स्टीयर्ड फेज्ड ऐरो रडार लगा हुआ है जो करीब 600 किलोमीटर की दूरी से ही मल्टीपल टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है। ऑर्डर मिलने के 5 से 10 मिनट में ही ये ऑपरेशन के लिए रेडी हो जाता है।




## सिर्फ 15 मिनट मुसलमानों को सौंप दो सत्ता, पाकिस्तान का मिटा देंगे नामोनिशान

**-एआईएमआईएम नेता ने कहा- अब पाकिस्तान पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म**

नई दिल्ली,(ए.)। पहलगाम में पर्यटकों की हत्या कराना पाकिस्तान और उसके पाले गए आतंकवादियों को अब भारी पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल से हमला कर तबाह कर दिया है। इस बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता ने कहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही है। एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने पाकिस्तान पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि भारत के मुसलमानों को सिर्फ 15 मिनट के लिए सत्ता सौंप दी जाए। हम बता देंगे कि पाकिस्तान को कैसे नेस्तनाबूद कर उसका नामोनिशान मिटा देंगे। भारत के मुसलमानों ने इस



टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट कर दिया और इसके बाद देश को बनाने में इसकी तरक्की में जो किरदार निभाया है वह अविस्मरणीय है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोएब जमई ने कहा कि मंगलवार रात भारत की कार्रवाई जो इतिहास में दर्ज हो गई। बहुत बड़ा मील का पत्थर है।

साहस, शौर्य, पराक्रम की प्रतीक हमारी भारतीय सेना का वंदन अभिनंदन




सौजन्य से :- दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप

# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए वर्चुअली शामिल नवविवाहित जोड़ों को सफल वैवाहिक जीवन का दिया आशीर्वाद

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब सामूहिक विवाह समाज द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सहजता से अपनाए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि हमारे समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीय अपील की कि हम सब इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं और समाज में सद्भाव, सहयोग एवं सादगी को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से अब तक लाखों जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। यह योजना जरुरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है। उन्होंने वर-वधू से कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ें। हमारी सरकार सबके रोजगार और सबके हितों की चिंता कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए श्री हितानंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज के जरुरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह का जिम्मा अब सरकार ने ले लिया है। बेटियों के हित में पूरी सरकार साथ हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने देश में एक मिसाल पेश की है। यहां धन के अभाव के कारण किसी गरीब परिवार को अपनी बेटी के विवाह के लिए क़र्ज़ नहीं लेना पड़ता। यहां सरकार कन्यादान योजना में अपने खर्च पर बेटियों का विवाह कराती है।

कार्यक्रम स्थल से उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। इससे समाज में व्यापक स्तर पर बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए बताया कि आज ही सभी जोड़ों के खाते में योजना में कुल 6 करोड़ 37 लाख रुपए की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है।

### विवादों में फंसा भोपाल के सिटी बसों का मेयर पास, शहर के 70-80 हजार सिटी बस यात्रियों को मिलेगा लाभ




भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल में सिटी बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पिछले माह 3 अप्रैल को निगम बजट के दौरान मेयर पास की घोषणा की गई थी। एक महीना के करीब समय बीतने के बाद भी पास शुरू नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार मेयर पास शुरू होने में चार निजी बस ऑपरेटरों और भोपाल नगर निगम (बीएमसी) की सहायक कंपनी भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) के बीच चल रहे विवाद के कारण देरी हो गई है। हालांकि जिम्मदारों का कहना है कि निगम का बजट अभी तक शासन से मिला नहीं है। जैसे ही बजट मिलेगा मेयर पास की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। सिटी में 149 से ज्यादा बंद बसे कब शुरू होंगी इसकी कोई जानकारी नहीं है।

**इन्हें राहत देने की गई थी घोषणा**

दरअसल नगर निगम बजट बैठक के दौरान भोपाल की महापौर मालती राय ने मेयर पास शुरू करने की घोषणा की थी। ढ्ढ इसका उद्देश्य किफायती सार्वजनिक परिवहन प्रदान करना है, खासकर छात्रों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और विकलांगों के लिए। हालांकि, ऑपरेटरों द्वारा निरंतर परिचालन घाटे का हवाला देते हुए प्रस्तावित किराया छूट का विरोध करने के कारण कार्यान्वयन रुका हुआ है।

**अभी तक नहीं शुरू हो पाईं 149 बसें**

राजधानी भोपाल में वर्तमान समय में केवल 107 बसें चल रहीं हैं, जबकि एक कंपनी द्वारा संचालित 149 बसें सड़कों से दूर हैं, जिससे लगभग 70 से 80 हजार दैनिक यात्री प्रभावित होते हैं, जिनमें से 60त्न छात्र हैं।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह



छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एल.वी.-1 घरेलू और एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2: गैर-घरेलू और एल.वी.-4: एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। वहीं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें एल.वी.-1 घरेलू, एल.वी.-2 गैर घरेलू, एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और एलवी-4 एलटी औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

## प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश, भोपाल में दिन भर छाए रहे बादल, तापमान में आई गिरावट



भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश का मौसम बदला हुआ है लगातार प्रदेश में बारिश ओले गिर रहे हैं। प्रदेश में गुरुवार को भी मौसम में बदलाव देखा गया प्रदेश के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई वहीं राजधानी भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे। इस वजह से प्रदेश के ज्यादातर शहरों के तापमान में गिरावट आई है। धार, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, शिवपुरी, मंडला और सिवनी में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने चार दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के ऊपर दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस और एक टर्फ एक्टिव है। इस वजह से ओले, बारिश और आंधी का दौर चल रहा है।

**तापमान में आई गिरावट**

राजधानी भोपाल का पारा 31.7 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री, उज्जैन में 30.4 डिग्री और जबलपुर में 35.7 डिग्री सेल्सियस रहा हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धार में 31.5 डिग्री, शाजापुर में 31.7 डिग्री, खंडवा में 32.1 डिग्री, रतलाम में 32.2 डिग्री, बैतूल में 32.4 डिग्री और नर्मदापुरम में पारा 32.5 डिग्री रहा। गुरुवार को एक भी शहर में तापमान 40 डिग्री या इससे पार नहीं पहुंचा। नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा 39.4 डिग्री दर्ज किया गया।

**इसलिए बदला प्रदेश का मौसम**

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस, टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। गुरुवार को कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। ऐसा ही मौसम 11 मई तक बना रहेगा।

**अगले 3 दिन ऐसा रहेगा मौसम**

9 मई: ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, सागर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, रायसेन, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनी रह सकती है।

10 मई: भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन,रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, विदिशा, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, हरदा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, रीवा, मऊगंज, मुरैना, भिंड, दतिया, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज आंधी चल सकती है।

## खेल मंत्री श्री सारंग ने जूनियर वैडमिंटन खिलाड़ियों को दी बधाई



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश मिनी एंड सब जूनियर स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट मंदसौर, जो कि 02 से 07 मई तक खेला गया। इसमे प्रदेश के विभिन्न जिलो से 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर 11, अंडर 13 और अंडर 15 मे बालक बालिका वर्ग में मुकाबले खेले गए।

मध्य प्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग, बैडमिंटन डे बोर्डिंग योजना भोपाल के 10 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। बैडमिंटन डे बोर्डिंग भोपाल के खिलाडी स्वर्णिम विकास पाण्डेय ने राज्य स्तरीय मिनी और सब जूनियर प्रतियोगिता में 3 ख़िताब और कृतिका पाठक ने 2 ख़िताब अपने नाम किये। 12 साल के स्वर्णिम ने अंडर 15 का ख़िताब भी जीता।

खिलाडियों की उपलब्धि पर खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है। उन्होंने इसे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है, स्वर्णिम विकास पाण्डेय प्रतिदिन 10 घंटे अभ्यास करते हैं, यही कारण है उन्होंने अंडर 13 और अंडर 15 की राज्य चैंपियनशिप में सभी को परास्त कर यह सफलता अर्जित की।

स्वर्णिम विकास पाण्डेय और कृतिका पाठक ने की संचालक खेल और युवा कल्याण श्री राकेश गुप्ता से की सौजन्य भेंट

स्वर्णिम विकास पाण्डेय और कृतिका पाठक ने प्रशिक्षक रश्मि मालवीय के साथ संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता से सौजन्य भेंट की। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि से इन्हें अवगत कराया, संचालक खेल ने दोनों खिलाड़ियों अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

## घायल 11वीं की छात्रा की मौत

भोपाल (आरएनएस)। अशोका गार्डन इलाके की रहने वाली 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा की बुधवार रात नर्मदा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा को 23 अप्रैल को सूरत नगर चौराहे पर एक स्कूल बस ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। जानकारी के मुताबिक, घटना के दिन छात्रा अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकली थी। शाम करीब 4 बजे वह अपने एक परिचित के साथ बाइक से सूरत नगर चौराहे के पास से गुजर रही थी, तभी स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद छात्रा को पहले स्मार्ट सिटी अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हमीदिया और फिर एम्स अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने उसे नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया।रातीबड़ थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया स्कूल बस से घायल छात्रा की मौत हो गई है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोलर पम्प स्थापना की योजना के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति गठित

भोपाल(ए.)। राज्य शासन ने सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना की योजना " प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना" के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है।

समिति में सचिव उर्जा,वित्त,नगरीय विकास एवं आवास,किसान कल्याण तथा कृषि विकास,पंचायत एवं ग्रामीण विकास,राजस्व,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सदस्य एवं नवीन तथा नवकरणीय उर्जा विभाग के सचिव सदस्य सचिव होंगे।

राज्यस्तरीय समन्वय समिति द्वारा योजना के सभी घटकों अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय योजना की प्रगति की नियमित (अधिकतम 3 माह) में समीक्षा की जायेगी, ताकि समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

## मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को 55त्न महंगाई भत्ता, आदेश जारी; एरियर का भुगतान पांच किस्तों में

भोपाल, (ए.)। मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स



को बड़ी राहत देते हुए 1 मई 2025 से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता (ष्ठ) देने का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा और कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त विभाग ने जारी किए है। इसका लाभ सातवें और छठवें वेतनमान के तहत आने वाले कर्मचारियों, पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को मिलेगा।

वित्त विभाग के आदेश के अनुसार, सातवें वेतनमान के अंतर्गत फिलहाल फरवरी 2024 से 50 प्रतिशत ष्ठ दिया जा रहा था। अब यह एक मई 2025 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसका भुगतान जून 2025 से होगा। वहीं एक जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि को पांच समान किश्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच वितरित किया जाएगा। जो अधिकारी-कर्मचारी एक जुलाई 2024 से 31 मई 2025 के बीच सेवानिवृत्त होंगे या जिनकी इस अवधि में मृत्यु हो चुकी है, उन्हें अथवा उनके नामित परिजनों को भी एरियर का भुगतान किया जाएगा।

पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी महंगाई राहत बढ़ा दी गई है। उन्हें एक मार्च 2025 से सातवें वेतनमान पर 53 प्रतिशत और छठे वेतनमान पर 246 प्रतिशत दर से राहत दी जाएगी। इससे पहले वे क्रमश: 50 प्रतिशत और 239 प्रतिशत की दर से राहत पा रहे थे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए निर्णय पर मध्यप्रदेश ने सहमति प्रदान की है। छठवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से 246 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 252 प्रतिशत की दर से ष्ठ मिलेगा। इस वर्ग के कर्मचारियों को भी एरियर का भुगतान उसी तरह पांच समान किश्तों में किया जाएगा।

### चलती ट्रेन में चढ़ रही महिला फिसली,आरपीएफ जवान ने दौड़कर बचाई जान

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 20481) सुबह करीब 9:02 बजे रवाना हो रही थी। तभी एक 35 साल की महिला उस ट्रेन के एसी कोच B| में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। ट्रेन धीरे-धीरे चल रही थी, लेकिन हाथ में सूटकेस होने की वजह से महिला का बैलेंस बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर फिसलने लगी। महिला के फिसलते ही वहां मौजूद रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह और आरक्षक अनिल शर्मा तुरंत दौड़े और उसे पकड़कर प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया। नहीं तो महिला ट्रेन के नीचे आ सकती थी।घटना के दौरान ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाई और ट्रेन को रोक दिया। इससे महिला सुरक्षित बच गई, बाद में उसे कोच में चढ़ाया गया।रेल प्रशासन ने आरपीएफ के दोनों जवानों और ट्रेन मैनेजर की सतर्कता की तारीफ की है। भोपाल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि "हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि चलती हुई ट्रेन में कभी भी चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि यह जान के लिए खतरा हो सकता है।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## शादी से लौट रहे बाइक सवार दो युवक खंती में गिरे, मौके पर ही दोनों की मौत

भोपाल (ए.)। भोपाल के नजीराबाद इलाके में बीती रात बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे खंती में जा गिरे। इस हादसे में एक युवक की घटनास्थल ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि गोलू कुशवाह पुत्र काशीराम कुशवाह (24) सुठालिया जिला राजगढ़ का रहने वाला था। बुधवार की रात वह अपने दोस्त घनश्याम कुशवाह पुत्र गोपाल कुशवाह (25) निवासी मधुसूदनगढ़ जिला गुना के साथ नजीराबाद स्थित ग्राम कढ़ैया कला एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। कार्यक्रम अटैंड करने के बाद दोनों दोस्त गुना जाने के लिए बाइक लेकर निकले थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह खेरखेड़ी गांव के मोड़ पर पहुंचे, तभी उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खंती में जा गिरी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल




हो गए।

राहगीरों से मिली सूचना के बाद उन्हें इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद गोलू कुशवाह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल घनश्याम का इलाज चल रहा था, लेकिन गुरुवार सुबह उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के बाद ही हादसे के कारणों का पता चल पाएगा।

**मैजिक की टक्कर से हुई थी बाइक सवार युवक की मौत**

भोपाल के गुनगा इलाके में टाटा मैजिक लोडिंग वाहन चालक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में टक्कर मारने वाले अज्ञात टाटा मैजिक वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस हादसे में घायल मृतक के पिता और एक अन्य व्यक्ति का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बलवीर अहिरवार (32) ग्राम दिल्लौद थाना गुनगा में रहता है और मजदूरी करता है। बीती दो मई की शाम को वह अपने गांव के रामबाबू और उनके बेटे शुभम अहिरवार के साथ ग्राम दिल्लौद से हर्राखेड़ा की तरफ जा रहे थे। गाड़ी शुभम अहिरवार चला रहा था। तीनों लोग सहज वेयर हाउस के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही टाटा मैजिक लोडिंग वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने शुभम अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। घायल बलवीर और रामबाबू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन का नंबर नहीं मिल पाया है।

# भोपाल-इंदौर हाइवे पर बीयर से भरे ट्राले में लगी आग, लाखों का नुकसान, चालक और क्लीनर ने कूदकर बचाई जान



इंदौर(ए.)। भोपाल-इंदौर हाइवे पर बुधवार रात बीयर से भरे ट्राले में अचानक भीषण आग लग गई। हादसा ग्राम लालाखेड़ी और सोंडा के बीच हुआ। आग ने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया और पूरा ट्राला कुछ ही देर में जलकर खाक हो गया। हादसे में ट्राले में लदी लाखों रुपये की बीयर भी जल गई।

जानकारी के अनुसार, बीयर से भरा वाहन सोम डिस्टलरी का होना बताया गया है, जो भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि बीयर से भरा ट्राला जैसे ही इंदौर-भोपाल हाइवे स्थित लालाखेड़ी और सोंडा गांव के बीच पहुंचा, तभी ट्राले में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना बुधवार-गुरुवार रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। राहगीरों ने जब ट्राले से आग की लपटें निकलती देखी तो तुरंत फायरब्रिगेड को सूचना दी।

करीब 12 बजे सूचना मिलने पर फायर फाइटर आरिफ खान और फायरमैन कमरुद्दीन मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड टीम के आरिफ खान ने बताया कि जैसे ही घटना की सूचना उन्हें मिली तत्काल फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई थी और आग पर बड़ी मेहनत से काबू पाया जा सका। जब वह पहुंचे थे तो ट्राले में से आग की लपटें निकल रही थी और एक तरफ यातायात भी रुका हुआ था। उन्होंने बताया कि इस घटना में ट्राला और उसमें भरी बीयर जलकर नष्ट हो गई है।

**समय पर सूचना मिलने से नही हुई कोई जनहानि**

जानकारी में पता चला है कि यह वाहन सोम डिस्टलरी का था। बताया गया है कि ट्राले में आग लगी देखकर उसके पीछे चल रहे एक वाहन चालक ने इस ट्राले के चालक को बताया कि वाहन में आग लग रही है, जिसके बाद आग तेजी से फैलती गई और पूरा ट्राला और उसमें भरी बीयर जलकर नष्ट हो गई है।

## सेना की कार्रवाई पर शंकराचार्य सदानंद बोले- पाकिस्तान आतंकियों को सौंप देता तो ये स्थिति न आती



नरसिंहपुर (ए.)। शारदापीठ, द्वारका के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने द्वारिका आश्रम में पहलगाम हमले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार और सेना की कार्रवाई सराहनीय है।

शंकराचार्य ने कहा कि इस फैसले में पूरा देश सरकार और सेना के साथ है। सभी राजनीतिक पार्टियां भी सरकार का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को भारत सरकार को सौंप दिया जाता, तो पाकिस्तान की यह स्थिति न होती। शंकराचार्य ने पाकिस्तान को आतंकवाद का अड्डा बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरकार, सेना और वहां की जनता ने आतंकियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उनके अनुसार, आतंकवाद का समर्थन किसी को नहीं करना चाहिए।




## दसवीं पास होने की खुशी नानी के साथ बांटने गई थी, लौटते समय छात्रा की मौत, मां घायल

इंदौर (ए.)। इंदौर में एक छात्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह एक्टिवा से अपनी मां के साथ नानी के घर खुशी बांटने गई थी। छात्रा ने दसवीं की परीक्षा पास की थी। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन छात्रा अनुष्का तिवारी की मौत हो गई। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी को सही समय पर इलाज नहीं मिला।

## संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में बढ़ाई गई सुरक्षा, अनावश्यक व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित



उमरिया (ए.)। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर विद्युत केंद्र की सीमा में अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन ने यह निर्णय एहतियातन तौर पर लिया है ताकि किसी भी संभावित खतरे से केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

केंद्र के मुख्य अभियंता के. त्रिपाठी ने बताया कि जबलपुर से प्राप्त उच्चस्तरीय निर्देशों के तहत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में केंद्र की कालोनी सहित पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अब केवल आवश्यक और प्राधिकृत व्यक्तियों को ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों और निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही जांच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें। परिसर के अंदर और बाहर के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।

मुख्य अभियंता ने यह भी कहा कि यह कदम केवल वर्तमान सुरक्षा परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और यह अस्थायी व्यवस्था है, जो स्थिति सामान्य होने पर समीक्षा के उपरांत समाप्त की जा सकती है।



## ग्वालियर में दूल्हा-दुल्हन का खतरनाक स्टंट : कार पर बैठकर दूल्हे ने चलाई तलवार, दुल्हन कर रही डांस

ग्वालियर (ए.)। इस समय सोशल मीडिया पर रील का ऐसा नशा छाया है कि हर कोई किसी भी स्थान पर रील बना रहा है, चाहे वह मिला हो या फिर दूल्हा और दुल्हन। ऐसा ही ग्वालियर से अनोखा मामला सामने आया है, जिसे दूल्हा-दुल्हन की वीडियो को देखकर हर कोई हैरान है। ग्वालियर में सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में एक दूल्हा-दुल्हन ने यातायात नियमों का खुलकर उल्लंघन करते नजर आए। तानसेन ओवरब्रिज पर कार पर खतरनाक स्टंट करते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

## मई महीने में हुई बारिश का 138 साल पुराना कनेक्शन, तब तुकोजीराव ने शुरू करवाया था जलसंग्रह



इंदौर (ए.)। पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद देश की राजनीति का वातावरण जरूर गर्म है, परंतु इंदौर नगर में मौसम का मिजाज ठंडा है। मई महीने में इंदौर के मौसम का मिजाज गर्म ही रहता है। परंतु पिछले चार-पांच दिनों से मौसम ने जो करवट ली है, उसने गर्मी के मौसम में वातावरण को खुशमिजाज बना दिया है। पिछले कई दिनों से नगर में शाम को बादल आसमान में उमड़ आते हैं और फिर बारिश का दौर शुरू हो जाता है।

मई महीने में इंदौर में अधिकतम तापमान 40.4 और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। रातें गर्म होती हैं, मई महीने में औसत वर्षा 13.4 मिलीमीटर तथा वर्षा के दिनों की संख्या 1.5 दिन रहती है। परंतु इस बार मई महीने में मौसम ने अपना मिजाज ही बदल दिया है।

**138 साल का रिकॉर्ड टूटा**

मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, मई महीने की सर्वाधिक वर्षा 107.7 मिलीमीटर साल 1886 में दर्ज की गई थी, जो सर्वाधिक महीने की अभी तक की सर्वाधिक वर्षा है। इंदौर में छह मई की रात तक 120.25 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इस तरह मई महीने में 138 साल के बाद सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है।

## ब्लैक आउट होते ही इंदौर में रुक गई बारात, दूल्हा और बाराती अंधेरे में खड़े रहे 12 मिनिट



इंदौर (ए.)। इंदौर में बुधवार को ब्लैक आउट के प्रोटाकॉल का पालन वैवाहिक आयोजनों में भी हुआ। इंदौर के आलोक नगर में एक बारात सड़क पर थी। बाराती नाच रहे थे और बारात लाइटिंग वाले गमलों से रोशन थी, लेकिन जैसे ही साढ़े सात बजे सायरन बजे और ब्लैक आउट होने लगा तो बारात की लाइट भी बुझ गई। नाच रहे बाराती सड़क के एक तरफ खड़े हो गए। बैंड वालों ने भी गाड़ी एक तरफ लगा दी और ब्लैक आउट खत्म होने का इंतजार करते रहे।

विद्या पैलेस निवासी नामेश सोलंकी का विवाह नेहा गोयल से हुआ है। विवाह का मुर्हूत बुधवार का निकाला था। तय समय पर बारात रवाना हुई, लेकिन ब्लैक आउट के समय बारात आगे नहीं बढ़ी, जबकि 200 मीटर दूरी पर ही मैरेज गार्डन था, जहां बारात जाना थी। मैरेज गार्डन में भी ब्लैक आउट प्रोटोकाल का पालन किया गया और साढ़े सात बजे के बाद ही भोजन शुरू हुआ।

12 मिनिट तक मैरेज गार्डन की भी बिजली गुल रही।ब्लैक आउट खत्म होने के बाद बारात आगे बढ़ी और फिर दूल्हे नामेश ने गेट के तोरण पर कटार मारी।आईटीआई रोड के एक मैरेज गार्डन में महिला संगीत भी साढ़े सात बजे के बाद शुरू किया गया। ब्लैक आउट के दौरान गार्डन की लाइट बंद रखी गई थी।

**मंदिरों में साढ़े सात बजे से पहले आरती**

ब्लैक आउट के कारण मंदिरों में आरती का समय आगे पीछे हुआ। शहर के प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में शाम की आरती पौने सात बजे शुरू कर दी गई थी और साढ़े सात बजे से पहले भक्तों ने कपूर आरती कर ली थी। बांके बिहारी मंदिर में भी आरती जल्दी शुरू कर दी गई थी। अन्य मंदिरों में भी ब्लैक आउट प्रोटोकाल का पालन किया गया।

# व्यापार समाचार

## सभी पेट्रोल पंपों पर 10 मई से डिजिटल पेमेंट बंद

- **अब पेट्रोल-डीजल सिर्फ कैश में मिलेगा**
- **पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने किया ऐलान**
- **पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया निर्णय**

नई दिल्ली (ए.)। देश भर में जहां डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं एक बड़ा फैसला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है, जिसने रोजाना पेट्रोल पंप पर जाने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मोबाइल स्कैन कर पेट्रोल भरवाने वाले वाहन चालकों के लिए अब मुश्किल खड़ी होने वाली है, क्योंकि नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट बैन कर दिया गया है। विदर्भ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि 10 मई से नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि अब पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए आपको कैश लेकर जाना जरूरी होगा, वरना आपको ईंधन नहीं मिलेगा। फिलहाल लोग पेटीएम, गूगल पे, फोनपे, कार्ड आदि के जरिए भुगतान करते हैं, लेकिन यह सुविधा कुछ ही दिनों में बंद हो जाएगी। पेट्रोल पंप संचालकों ने पहले से ही ग्राहकों को सतर्क करना शुरू कर दिया है। यह निर्णय किसी तकनीकी खराबी या सरकारी आदेश के तहत नहीं लिया गया, बल्कि पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले कुछ समय में लगातार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग नकली या फर्जी डिजिटल ट्रांजेक्शन दिखाकर पेट्रोल भरवा लेते हैं।




## मुंबई से हवाई यात्रा करना हुआ महंगा, बढ़ाया गया यूडीएफ, घरेलू यात्रा के लिए अब चुकाने होंगे 175 रुपये



मुंबई (ए.)। मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपये देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनोमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए यह शुल्क 175 रुपये निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा।

**2024 में प्रत्येक उड़ान पर 120 रुपये लिया जाता था**

नियामक ने गुरुवार को कहा कि घरेलू यात्रियों से हर उड़ान पर 175 रुपये लिए जाएंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि सभी हितधारकों के बीच वैमानिकी शुल्क बराबर बांटा जाए। इसके साथ ही नया शुल्क चार साल तक लागू रहेगा। इससे पहले यूजर डेवलपमेंट फीस अगस्त 2024 तक हर उड़ान पर घरेलू यात्रियों से 120 रुपये ली जाती थी।

**अंतरराष्ट्रीय उड़ान में क्लास के अनुसार होगी यूडीएफ**

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्लास के अनुसार से अलग- अलग यूडीएफ तय किया गया है। इकोनोमी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए यह अलग-अलग होगा। इकॉनमी क्लास में अंतरराष्ट्रीय उड़ान करने वाले यात्रियों को प्रति उड़ान 615 रुपये यूडीएफ होगा।वही बिजनेस क्लास में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के लिए 695 रुपये देना होगा।

**लैंडिंग और पार्किंग शुल्क कम किए गए**

एईआरए ने कहा कि नई शुल्क यूजर पे के नियम के अनुसार लगाया गया है। इस शुल्क से हम यात्रियों की सुविधाओं में सुधार की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क को भी कम कर दिया गया है। समान हवाई अड्डों के शुल्कों को ध्यान में रखते हुए नई शुल्क लागू की जाएगी।

## सेंसेक्स में 400 से अधिक, निफ्टी में 140+ अंकों की गिरावट; डॉलर के मुकाबले रुपया भी टूटा

नई दिल्ली (ए.)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात का असर शेयर बाजार पर भी दिख रहा है। बृहस्पतिवार को पूरे दिन के कारोबार के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक- सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 पर बंद हुआ। दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 140.60 अंक गिरकर 24,273.80 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 पैसे टूटकर 85.61 पर बंद हुआ।



## महंगाई से राहत! वेज और नॉन-वेज थाली सस्ती हुई

**शाकाहारी थाली 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई**

नई दिल्ली (ए.)। देश की जनता के लिए अच्छी खबर है। एक नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2025 में एक सामान्य शाकाहारी थाली की कीमत 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई है। इस गिरावट की वजह सब्जियों के दामों में तेज गिरावट है, जैसे कि टमाटर 34, आलू 11 और प्याज 6 फीसदी तक सस्ते हो गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि नॉन-वेज थाली की कीमत भी 4 फीसदी घटकर 53.9 रुपए रह गई है। इसमें सब्जियों के साथ-साथ पोल्ट्री की कीमतों में भी गिरावट है, जो बर्ड फ्लू की वजह से मांग कम होने और आपूर्ति बढ़ने के कारण हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगले 2-3 महीनों में गेहूं, दाल, और खाद्य तेल की कीमतों में और नरमी की संभावना बताई है, जिससे थाली की कीमत और भी कम हो सकती है। इस तरह की कीमतों में गिरावट से भारतीय जनता को बड़ी राहत मिली है, और आने वाले महीनों में खाने की लागत में और भी कमी की जाने की संभावना है।

## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी के दामों में तेजी

**- सोने का भाव 96,971 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 96,150 रुपए प्रति किग्रा**



नई दिल्ली (ए.)। सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हुआ है। गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है जबकि चांदी के भाव में 0.44 फीसदी की तेजी आई है। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.12 फीसदी गिरकर 96,971 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। चांदी 96,150 रुपए प्रति किग्रा पर है। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है।

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1,000 रुपए चढ़कर एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपए बढ़कर 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपए चढ़कर 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 37 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.75 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया 84.64 पर खुला। वहीं मंगलवार को रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 84.38 पर बंद हुआ। सुबह रुपया कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ दिखा। ये आठ पैसे की गिरावट के साथ 84.38 प्रति डॉलर पर आ गया। डॉलर सूचकांक में तेजी और एशियाई मुद्राओं में गिरावट का दबाव स्थानीय मुद्रा पर पड़ा।

## नई इलेक्ट्रिक कार विंडसर ईवी प्रो लांच



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में नई इलेक्ट्रिक कार विंडसर ईवी प्रो को लॉन्च कर दिया है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की इस कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत बैटरी सहित 17.49 लाख रुपये और बैटरी रेंटल स्कीम के तहत 12.50 लाख रुपये तय की गई है। यह कीमत पहले 8,000 ग्राहकों के लिए मान्य होगी। कंपनी ने बैटरी रेंटल स्कीम के तहत ग्राहकों से प्रति किलोमीटर 4.50 रुपये की दर से शुल्क लेने का फैसला किया है, जबकि स्टैंडर्ड विंडसर ईवी के लिए यह दर 3.50 रुपये प्रति किमी होगी। खास बात यह है कि इस कार के पहले मालिक को बैटरी पर आजीवन वारंटी भी दी जाएगी। विंडसर ईवी प्रो में 52.9 केडब्ल्यूएच का बड़ा बैटरी पैक दिया गया है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 449 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम है। यह बैटरी एमजी झेडएस ईवी की तरह ही फ्रंट-व्हील ड्राइव पर काम करने वाली पीएमएस मोटर को पावर देती है, जो 134 बीएचपी की पावर और 200 एनएम का टॉर्क जनरेट करती है। कार की टॉप स्पीड 170 किलोमीटर प्रति घंटा है और यह 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार सिर्फ 8.6 सेकंड में पकड़ सकती है।

## टीवीएस इलेक्ट्रिक बाइक सेगमेंट में कदम रखने की तैयारी में



नई दिल्ली (ए.)। दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस अब इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल सेगमेंट में कदम रखने की तैयारी में है। कंपनी की आगामी इलेक्ट्रिक बाइक को लेकर कई अहम जानकारियां मिली हैं। टीवीएस की यह नई परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड इलेक्ट्रिक बाइक ट्रैक पर 200 किमी प्रति घंटा की स्पीड तक पहुंचने की क्षमता रखती है। बीते साल टीवीएस रेसिंग ई-ओएमसी चैंपियनशिप में इसका सफल परीक्षण भी हो चुका है। इस बाइक में मिड-माउंटेड एयर-कूल्ड मोटर का उपयोग किया गया है, जो बेल्ट ड्राइव सिस्टम के जरिए रियर व्हील तक पावर पहुंचाती है। डिजाइन में कई गियर्स का उपयोग किया गया है, जिससे पावर और टॉर्क को बेहतर बनाया जा सकता है। बाइक में डुअल बैटरी पैक दिया गया है जो फ्रेम के दोनों तरफ फिट किया गया है, जिससे गुरुत्वाकर्षण केंद्र निचला बना रहता है और राइडिंग बैलेंस बेहतर होता है। हालांकि, बैटरी पैक फिक्स्ड हैं और इन्हें स्वैप नहीं किया जा सकता, जो कुछ ग्राहकों के लिए एक सीमित विकल्प हो सकता है। बाइक के डिजाइन से यह स्पष्ट है कि यह एक पूरी तरह फेयर्ड प्रीमियम मोटरसाइकिल होगी। इसमें सिंगल-साइडेड स्विंगआर्म, ऑफसेट मोनोशॉक सस्पेंशन और फ्रंट में यूएसडी फोर्क्स जैसे हाई-एंड फीचर्स हो सकते हैं। टीवीएस अपने अपाचे और बीएमडब्ल्यू 310 सीसी मॉडल्स के अनुभव का लाभ उठाकर इस बाइक को परफॉर्मेंस बाइक के रूप में पेश कर सकती है। बता दें कि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में पहले ही आईक्यूब स्कूटर के जरिए 25 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर चुकी है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव

इस साल की पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ी। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव है। इसका प्राथमिक प्रभाव तो अगली तिमाहियों में देखने को मिलेगा। तब और बुरी खबरें आ सकती हैं। डॉनल्ड ट्रंप के छेड़े व्यापार युद्ध का पहला बड़ा झटका अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लगा है। 2025 की पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव है। इसका प्राथमिक प्रभाव तो अगली तिमाहियों में देखने को मिलेगा। द्वितीयक प्रभाव से मतलब है कि आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए कंपनियों ने जनवरी से ही आयात की मात्रा बढ़ा दी।उधर उपभोक्ताओं ने चीजों की किल्लत और महंगाई बढ़ने की आशंका में जरूरत से ज्यादा खरीदारियां की हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पहली तिमाही में उपभोक्ता व्यय में 1.8 प्रतिशत का इजाफा हुआ। तो चूंकि निर्यात की तुलना में आयात बहुत तेजी से बढ़ा और उपभोक्ता खर्च में भी वृद्धि हुई, तो इसका असर जीडीपी के आंकड़ों में झलका है।यानी जहां आयात बढ़ने के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से जीडीपी वृद्धि दर घटी, वहीं उपभोक्ता खर्च बढ़ने से उसे सहारा मिला। लेकिन ये दोनों परिघटनाएं तात्कालिक हैं। बाजार पर टैरिफ का असर असल में आगे जाहिर होगा। इससे बढ़ती बेचैनी अमेजन जैसी बड़ी कंपनियों की प्रतिक्रिया में भी दिखने लगी है। नकारात्मक मूड के प्रभाव से वित्तीय बाजारों में पहले से ही भारी गिरावट आ चुकी है। अब ट्रंप ने इसकी जिम्मेदारी पूर्व बाइडेन प्रशासन पर डाल कर उसके राजनीतिक प्रभाव से बच निकलने का प्रयास किया है। बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'अभी जो स्टॉक एक्सचेंज है, वह बाइडेन का है, मेरा नहीं।'ट्रंप ने दलील दी कि वे 20 जनवरी को सत्ता में आए और उनके फैसलों का असर होने में अभी समय लगेगा। उनका दावा है कि जब ये असर होगा, अमेरिका में सुख-समृद्धि लौट आएगी। मगर वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर गए कि शेयर और बॉन्ड बाजारों में गिरावट मुख्य रूप से 25 फरवरी के बाद शुरू हुई। उत्पादन और वितरण की अर्थव्यवस्था पर उसका क्या असर होगा, यह तो आने वाले महीनों में जाहिर होगा। इस मामले में ट्रंप के आकलन से अर्थशास्त्री सहमत नहीं हैं। दरअसल असलियत की पहली झलक पहली तिमाही के आंकड़ों से मिल गई है।



)अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला ने उस स्थान का दौरा किया जहां पंजाब के अमृतसर के एक सीमावर्ती गांव में खुले मैदान में प्रक्षेप्य का मलबा मिला था।

# आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

**योगेश कुमार गोयल**

**- आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार**

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने




सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं। भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी। बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही।

# जातियों में बांटने का फैसला

**हरिशंकर व्यास**

कैबिनेट बैठक में तय हुआ है कि सरकार घर घर जा कर लोगों की जाति पूछेगी और उसे दर्ज करेगी। सोचें, एक तरफ कहा जा रहा था कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर मारा, जाति पूछ कर नहीं। तो दूसरी ओर सरकार ने सबकी जाति पूछने का फैसला ले लिया। कहां तो भाजपा के नेता 'बंटोंगे तो कटोगे' या 'एक रहोगे तो सेफ रहोगे' के नारे लगा रहे थे और कहां जातियों में बांटने का फैसला कर लिया। सवाल है कि सरकार ने ऐसा क्यों किया और अगर इस फैसले से एक दिन पहले आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर सहमति ली तो संघ क्यों सहमत हुआ? क्या संघ को भी लग रहा है कि एक बार सबकी जातीय पहचान बता देने के बाद हिंदू धर्म के नाम पर सबको एकजुट करना ज्यादा आसान होगा?

सरकार के इस फैसले के दो पहलू बहुत साफ दिख रहे हैं। पहला तो आपदा को अवसर बनाने का है। इस समय देश पाकिस्तान पर हमले या आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का इंतजार कर रहा है। ऐसे में सरकार को लगा होगा कि यह सही समय है जाति गणना का फैसला करने का क्योंकि लोग इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे और देंगे भी तो जैसे ही आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई होगी, सारा नैरेटिव बदल जाएगा। अगर उस पहलू पर यकीन करें तो ऐसा लग रहा है कि सरकार पहले से इस पर विचार कर रही थी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को सोचने पर मजबूर कर दिया था। लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान खास कर उत्तर प्रदेश के नुकसान के बाद भाजपा को लग रहा था कि अगर यही ट्रेंड रहा और चुनाव धर्म या देशभक्ति की बजाय जाति के नाम पर हुआ तो इस साल बिहार में एनडीए हारेगा।




इसके बाद 2027 में उत्तर प्रदेश में भी एनडीए की जगह अखिलेश यादव का पीडीए जीत सकता है और उसके बाद 2029 का चुनाव हाथ से निकल जाएगा। इसलिए खुद भाजपा को जाति का कार्ड खेलना चाहिए। इस सोच में भाजपा ने जाति का कार्ड चला। इस दांव का ज्यादा फायदा लेने की स्थिति में भाजपा है क्योंकि विपक्ष इस समय न जाति गणना कराने की स्थिति में है, न आरक्षण बढ़ाने की स्थिति में है, न निजी सेक्टर में आरक्षण देने की स्थिति में है और न ओबीसी या दलित, आदिवासी को कुछ ऑफर करने की स्थिति में है। दूसरी ओर सरकार सब कुछ दे सकने की स्थिति में है और ऊपर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछड़ा पहचान देश में बिल्कुल निचले स्तर तक लोगों के बीच पहुंची हुई है।

दूसरा पहलू जो है उसको दूर की कौड़ी मान सकते हैं लेकिन वह भी संभव है। ऐसा लग रहा है कि सरकार ने एक तीर से दो शिकार किए हैं। उसने जाति गणना का ऐलान करके विपक्ष का एजेंडा हथियाने का दांव चला है और देश के हिंदुओं में बहुजन यानी पिछड़ा, दलित और आदिवासी को राजनीतिक मैसेज दिया है तो दूसरी ओर पाकिस्तान को धोखा देने का दांव चला है।

# मसलों पर समय सीमा तय करने पर विवाद क्यों ?

**चैतन्य भट्ट**

उच्चतम न्यायालय ने राज्यपालों और राष्ट्रपति के स्तर पर विधेयक स्वीकृत करने संबंधी समय सीमा निर्धारित क्या की, समूचे राजनीतिक जगत में जैसे भूचाल आ गया। नेताओं द्वारा इसे विधायिका की कार्यवाही में सीधा हस्तक्षेप मानते हुए इस कार्यवाही को न्यायपालिका द्वारा अपनी सीमा लांघने जैसे बयान दिए जाने लगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बयान दे डाला कि संविधान की मूल भावना के 'अंतिम स्वामी' चुने हुए जनप्रतिनिधि होते हैं और संसद से ऊपर कोई भी नहीं है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे तो इतने आगे चले गए कि, यदि सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए, और भारत में गृह युद्ध के लिए सीजेआई खन्ना जिम्मेदार हैंधनखड़ के बयान पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ कानूनविद कपिल सिब्बल मैदान में आए। उन्होंने कहा कि न तो संसद और कार्यपालिका नहीं संविधान सर्वोच्च है जिसके प्रावधानों की व्याख्या सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जाती है। इस देश ने अब तक कानून को इसी तरह समझा है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति का नाम तो नहीं लिय मगर कहा कि शीर्ष अदालत के हालिया फैसले, जिनकी कुछ भाजपा नेताओं और उपराष्ट्रपति ने आलोचना की है, हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप और राष्ट्रीय हित से प्रेरित हैं। संसद को कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है मगर संविधान की व्याख्या करना और पूर्ण न्याय करना न्यायालय का दायित्व है। जहां तक निशिकांत दुबे का प्रश्न है भाजपा ने उनके बयानों से खुद को अलग कर लिया है लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ न्यायपालिका और विधायिका के बीच ऐसी परिस्थितियां निस्संदेह दुर्भाग्यपूर्ण हैं।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको शुभ सूचना मिलने वाली है। आज आपको लाभ प्राप्ति के साथ-साथ उत्साह और ऊर्जा भी महसूस होगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारु रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने कार्यों के प्रति व्यस्त रहें। आज व्यस्ततम दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा कर लेंगे। वर्तमान परिवेश में आपने जो नई नीतियां बनाई है, इस वजह से आपकी काफी समस्याएं हल होंगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हे मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से किए गए काम में आपको सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। पुरानी परेशानियों से राहत मिल सकती है। आज आत्मविश्वास और ऊर्जा से अपने काम में लग जाएंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। प्रयास करने पर कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। आलस ना करके पूरे मनोयोग से काम करें, परिणाम भी बेहतर होंगे। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। अगर कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम अनुकूल मिलेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। पारिवारिक मामला आपकी सूझबूझ से हल हो जाएगी। आपकी कार्यकुशलता और योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। यदि किसी वजह से उलझन बनी हुई थी, तो आज उसका निवारण हो जाएगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का और सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा। बिजनेस की रुकावटें दूर होंगी। इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी । नौकरी कर रहे लोगों को मनचाहे प्रोजेक्ट पर कार्य करना पड़ेगा। आपके बेटे का अच्छी जगह चयन होने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज मेहमान नवाजी में भी समय बीतेगा। और घर में आए लोगों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श भी होगा। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

# आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी का दौर

**अवधेश कुमार**

इस समय विपक्ष का बयान है कि वो जम्मू-कश्मीर और पहलगाम मामले पर सरकार के साथ है। इससे पहली दृष्टि में आतंकवाद के विरुद्ध देश की एकता का संदेश जाता है।दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यह कह रहे हैं कि सरकार की दिशा स्पष्ट नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत चिंताजनक है कि ऐसे समय जब राजनीतिक दलों में एकता दिखानी चाहिए, आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी का दौर चल रहा है। आतंकवादी हमले के मामले में स्वयं कांग्रेस का रिकॉर्ड इतना बुरा है कि अगर उस दृष्टि से देखें फिर उसके द्वारा प्रश्न उठाने या नरेन्द्र मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने का नैतिक आधार नहीं होना चाहिए। हालांकि विपक्ष के द्वारा सरकार पर दबाव बढ़ाना या कमियों को सामने लाना स्वाभाविक स्थिति होती है। हमारा दृश्य इससे अलग है। दबाव डालने और प्रश्न उठाने के पीछे सुस्पष्ट इरादा दुश्मन के विरुद्ध निर्णायक प्रतिकार की होनी चाहिए। ध्यान से देखेंगे तो कांग्रेस सहित अनेक पार्टियां सरकार पर तो प्रश्न उठा रहीं हैं, यह भी कह रही हैं कि कार्रवाई के मामले में सरकार के साथ हैं, पर आपको इनमें पाकिस्तान का नाम नहीं मिलेगा। दूसरे, इस समय धीरे-धीरे जिस तरह स्वयं जम्मू कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और पाकिस्तान के समर्थकों, जिन्हें 'ओवरग्राउंड वर्कर' कहा जा रहा है, की असलियत सामने आ रही है उन पर भी विपक्षी दल मुंह खोलने को तैयार नहीं है। कोई भी आतंकवादी हमला बगैर स्थानीय समर्थन के संभव ही नहीं। प्रधानमंत्री मोदी अगर स्वयं यह वक्तव्य दे चुके हैं कि अब दुश्मन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है तो उन्होंने केवल आम लोगों को खुश करने के लिए नहीं बोला होगा। सारे प्रमुख मंत्रिमंडलीय समितियां सुरक्षा, राजनीतिक, आर्थिक की बैठकें हो चुकी हैं। विदेश मंत्री लगातार विदेशी नेताओं से बात कर रहे हैं और नई दिल्ली स्थित प्रमुख दूतावास के लोगों से संवाद हो रहा है। सैन्य प्रमुखों से मुलाकात के बाद यही बयान आया कि सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वह अपने अनुसार सूचनाओं के आधार पर जैसे चाहें कार्रवाई करें उसे सरकार का हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा। ऐसी स्थिति में हमें अपने देश पर विश्वास करना चाहिए। आतंकवादियों को हर हाल में जिंदा पकड़ने की कोशिश चल रही है। अभी तक ऐसा माना जा रहा है कि आतंकवादी 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में ही हैं। उनको जिंदा पकड़ना इसलिए आवश्यक है ताकि पूरे षड्यंत्र का पता चल जाए। जितनी जानकारी है उसकी इनके माध्यम से पुष्टि भी हो जाए। अगर मिल गए तो हाल के समय में आम लोगों पर जितने हमले हुए उनमें से अनेक के षड्यंत्रों का पता चलेगा। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में छानबीन कर सटीक जानकारी तक पहुंचने की सबसे बड़ी भूमिका होती है क्योंकि इसके बाद आपके लिए कार्रवाई के लक्ष्य तय करने आसान होते हैं। इसलिए एनआईए की जांच को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का अभिन्न अंग न मानने की भूल नहीं होनी चाहिए। देश के लिए संतोष का विषय होना चाहिए कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, स्थानीय पुलिस, एनआईए, आदि के बीच संपूर्ण समन्वय के साथ कार्रवाई का आगे बढ़ रही है। पाकिस्तान को क्षति का मतलब मुख्य प्रायोजक सेना और वहां के राजनीतिक, मजहबी प्रतिष्ठान को क्षति नहीं होगी इस तरह का आतंकवाद रुक नहीं सकता। सेना की विचारधारा इस्लाम मजहब की ऐसी व्याख्या पर आधारित है जिसमें उनके लिए पाकिस्तान देश का लक्ष्य ही जम्मू कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत कर अपने साथ मिलना है।

तो यह आतंकवाद पैदा करने के लिए उन्हें ऐसा वैचारिक आधार देता है जिसे वहां के साथ भारतीय जम्मू-कश्मीर में भी समर्थन मिल जाता है। जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर पाकिस्तान को मोहम्मद साहब के रियासत ए तैयबा के बाद दूसरा कलमा से पैदा राज्य बताते हुए कश्मीर की बात करते हैं तो हम आप आलोचना करिए यह पाकिस्तानी सेना और सत्ता के ढांचे के लिए बिल्कुल स्वाभाविक स्थिति होती है। वह आतंकवाद पर रोक लगा ही नहीं सकता।

हम आतंकवादी को मारेंगे, फिर आगे दूसरे हमले के लिए दूसरा समूह तैयार होकर आएगा और अपने अनुसार फिर हमला कर सकता है। इसमें दुनिया में कौन हमें क्या सुझाव देता है यह मायने नहीं रखता। हमें अपनी सुरक्षा करनी है और इसके लिए कोई ताकत हमको नहीं रोक सकती। भारत को स्वयं को शत-प्रतिशत आतंकवाद से सुरक्षित करना है जम्मू- कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आए सकारात्मक बदलाव को उसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाना है तो पाकिस्तान को उस हालात में पहुंचाना ही होगा जिससे वह आतंकवाद प्रायोजित करने का साहस न कर सके। उसके लिए सिंधु जल संधि समाप्त करना बहुत बड़ा कदम है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों तक में उसके विरुद्ध बातचीत शुरू कर दिया है ताकि उन्हें किसी तरह उनको मिलने वाली मदद को रोका जा सके।

चीन और तुर्की को छोड़ अन्य देशों से भी अपने संबंधों का लाभ उठाते हुए भारत पाकिस्तान की हर स्तर पर घेरेबंदी की कोशिश कर रहा है। सबसे अंतिम कदम के रूप में भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय या तीसरे देश से भी संभावित व्यापार पर कानून में संशोधन कर पूरी तरह रोक लगा दिया है। किंतु एक लक्ष्य के साथ पाकिस्तान को उसके अपराध से कई गुणा ज्यादा क्षति पहुंचाने वाला युद्ध या सैनिक कार्रवाई आवश्यक है। विपक्षी राजनीतिक दलों में भी स्थिति की गंभीरता को समझने वाले नेता हैं।



# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ आ खड़ा हुआ ब्राजील

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के युद्ध में अपने देश के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हाल ही में हुई फोन कॉल में । ब्राजील के राष्ट्रपति ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों की निंदा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रयासों की सराहना की, जो एक सैन्य अभियान था जिसे भारत सरकार ने क्षेत्र से आतंकवादी समूहों को खत्म करने के लिए शुरू किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की।



उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ समर्थन और एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति लूला को उनकी संवेदनाओं के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत और पाकिस्तान के बीच काफ़ी तनाव है। इस बीच विदेश मंत्रालय और सेना की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत द्वारा आतंकी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमले के जवाब में पाकिस्तान ने 7-8 मई की रात को उत्तरी और पश्चिमी भारत में कुछ सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की कोशिश की। इन हमलों को भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। हमें जो मलबा मिला है, वह पाकिस्तानी हमलों का सबूत है। सेना ने कहा कि पाकिस्तान बिना किसी वजह के नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मोर्टार और तोपखाने से भारी गोलीबारी कर रहा है। पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर तोपखाने का इस्तेमाल करके अपनी अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना पाकिस्तान के इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## पृथ्वीराज चव्हाण ने ऑपरेशन सिंदूर कोड नेम पर उठाए सवाल, कांग्रेस पार्टी ने किया किनारा

नई दिल्ली(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार के भावनात्मक लाभ लेने वाले बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसका भावनात्मक लाभ ले रही है। युद्ध बंदूकों, विमानों और बमों का इस्तेमाल करके लड़ा जाता है, न कि प्रतीकात्मकता या भावनाओं के माध्यम से। ऑपरेशन सिंदूर पर पृथ्वीराज चव्हाण के सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस ने अपना स्टैंड स्पष्ट किया और उनके इस बयान से दूरी बना ली है।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि अभी किसी को इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कोई भी कदम उठाए, कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। पवन खेड़ा ने आगे कहा, आज पूरी दुनिया देख रही है, भारत और पाकिस्तान में फर्क है। ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि पाकिस्तान हमारे निर्दोष, निहत्थे नागरिकों पर हमला कर रहा है। ये अंतर विश्व को समझ में आ गया होगा, इन दोनों देशों के बीच का फर्क। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद हमने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान इस पूरे मामले में खुद आतंकियों को शह देता है। और आज फिर जिस तरह पाकिस्तान ने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया, नागरिकों पर हमला किया, छोटे बच्चों को मारा, मेरा मानना है कि अब दुनिया को इस पर स्टैंड लेना चाहिए। वहीं, सर्वदलीय बैठक पर उन्होंने कहा, देखते हैं कि सरकार हमसे क्या चर्चा करना चाहती है। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि इस बैठक में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। कुल मिलाकर, नौ (9) ठिकानों को निशाना बनाया गया है, जिसमें आतंकवादी स्थल मरकज सुभान अल्लाह बहावलपुर, मरकज तैयबा, मुरीदके, सरजाल/तेहरा कलां, महमूना जोया सुविधा, सियालकोट, मरकज अहले हदीस बरनाला, भिम्बर, मरकज अब्बास, कोटली, मस्कर राहील शाहिद, कोटली जिले में स्थित हैं।

## श्रीगंगानगर में सभी विभागों की छुट्टियां रद्द, जिला कलेक्टर ने स्कूल, कॉलेजों में की छुट्टी की घोषणा

श्रीगंगानगर (आरएनएस)। भारत की तरफ से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच, राजस्थान के श्रीगंगानगर में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी विभागों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

श्रीगंगानगर के जिला कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश भी जारी किया है। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और उन्हें मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिया है। साथ ही, अगले आदेश तक सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों, निजी कॉलेजों, सरकारी कॉलेजों, मदरसों और आंगनवाड़ियों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी तरह की परीक्षाएं भी रद्द की गई हैं।आदेश में कहा गया, मैं डॉ. मंजू, जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, श्रीगंगानगर, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीगंगानगर जिले में सुरक्षा एवं शांति के मद्देनजर स्कूली बच्चों की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में श्रीगंगानगर जिले के कक्षा 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय (निजी) विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सीबीएस विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और मदरसों के विद्यार्थियों का दिनांक 07.05.2025 से आगामी आदेशों तक अवकाश घोषित करती हूं। साथ ही 7 मई से होने वाली गृह/समान परीक्षा को भी आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है। उन्होंने आगे बताया, जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि इन आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें एवं समस्त संस्था प्रधान और कार्मिक विद्यालय समय अनुसार उपस्थित रहेंगे। यदि कोई संस्था प्रधान द्वारा उक्त आदेशों की अवहेलना की जाती है, तो उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। इसके बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है।

## सेना ने पाकिस्तान में आतंकी फैक्ट्री को किया खत्म,पहलगाम के हमले का लिया बदला : सुधीर शर्मा

धर्मशाला (आरएनएस)। भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने सेना की पाकिस्तान पर कार्यवाही पर सेना ओर देश के प्रधानमंत्री को बधाई दी और सेना की कर्यवाही को पहलगाव की निर्मम हत्या का बदला करार दिया। सुधीर शर्मा ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों के निर्माम हत्या कर दी गई और उसके बाद पूरे देश में रोष था वहीं प्रधानमंत्री अपना सऊदी अरब का दौरा छोड़कर आए और सुना के साथ चर्चा की और सेना को पूरा अधिकार दिया कि जहां भी आतंकी छुपे हैं उनसे बदला ले। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग भी लगातार जगह-जगह जाकर भाषण दे रहे थे कि कुछ नहीं करेंगे लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री ने बिहार की जनसभा में कहा था कि जहां भी आतंकी छुपे होंगे उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा और आज उन्हें मिट्टी में मिला दिया गया है पाकिस्तान के अंदर जाकर सेना ने 9 ठिकानों पर हमला किया और आतंकियों की फैक्ट्री जहां पर आतंकवादियों को ट्रेनिंग और तैयार किया जाता था उन्हें खत्म कर दिया है।उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है और आगे कभी भी पाकिस्तान इस तरह की कायराना हरकत करने की हिम्मत नहीं करेगा।

## 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, झारखंड और बंगाल के नौ ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

रांची (ए) । करीब 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। झारखंड में रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार, दोनों राज्यों के कारोबारियों ने कुल 14,325 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस बनाकर 800 करोड़ रुपए से ज्यादा के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया था। जिन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अन्य शामिल हैं। ईडी ने बंगाल में इस घोटाले में पहले भी छापेमारी की थी, जबकि झारखंड में इसे लेकर पहली बार कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि कारोबारियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर व्यापारिक प्रतिष्ठान बनाए और इनपुट टैक्स क्रेडिट का अनुचित लाभ लिया।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में डीआरडीओ भवन में राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन 2025 के दौरान.

## संगठित अपराध जैसे गंभीर मामलों की जांच एसपी स्तर से नीचे का कोई अधिकारी ना करे : माझी

भुवनेश्वर (ए.)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गृह विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि पीट-पीट कर हत्या किए जाने के मामलों, चरमपंथी गतिविधियों और संगठित अपराध जैसे गंभीर मामलों की जांच पुलिस अधीक्षक स्तर से नीचे का अधिकारी ना करें। मुख्यमंत्री माझी ने यह निर्देश बुधवार रात भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान जारी किये।

## भारतीय कृषि को आर्थिक रूप से लाभप्रद बनाने के लिए समाधान खोजने की जरूरत : गडकरी



नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय कृषि को आर्थिक रूप से लाभप्रद बनाने की जरूरत है क्योंकि देश को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत की कृषि को ऊर्जा और बिजली क्षेत्र की ओर विविधता देने की जरूरत है, क्योंकि देश में खाद्यान्नों के भंडारण की पर्याप्त क्षमता नहीं है। ग्रामीण और आदिवासी भारत में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने की भी जरूरत है, क्योंकि ये क्षेत्र गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, भारतीय कृषि आर्थिक रूप से बहुत लाभप्रद नहीं है। अब, यह वह समय है जब हमें यह समाधान खोजने की आवश्यकता है कि हम अपनी खेती को आर्थिक रूप से लाभप्रद कैसे बना सकते हैं। उन्होंने कहा, इसके बिना, हम आत्मनिर्भर भारत नहीं बना सकते।



रामबन जिले में चिनाब नदी पर बने बगलिहार जलविद्युत परियोजना बांध के दो गेट खुले।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर चार चीनी नागरिक गिरफ्तार, अवैध रूप से प्रवेश करने की थी कोशिश



नई दिल्ली (ए.)। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में भारत-नेपाल सीमा पर चार चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को पूर्वी चंपारण जिले में रक्सौल सीमा के पास नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करते समय चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने के कुछ घंटों बाद हुई। रक्सौल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि चीनी नागरिकों की गाइड बताई जा रही दो नेपाली महिलाओं को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। चारों चीनी नागरिक बिना वैध वीजा के नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। एक जांच अधिकारी ने बताया, चीनी नागरिकों के पास भारत का वैध वीजा नहीं था। फिर भी वे सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर चारों चीनी नागरिकों को हिरासत में लेकर रक्सौल पुलिस स्टेशन में हिरासत में ले लिया गया।

## दर्दनाक हादसा : आरोपी को लेकर जा रही पुलिस की गाड़ी कैंटर से टकराई, सब इंस्पेक्टर समेत पांच लोगों की मौत

अलीगढ़ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक आरोपी को ले जा रही पुलिस की गाड़ी कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में एक सब इंस्पेक्टर और अभियुक्त सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। मामला अलीगढ़ के लोधा थाना इलाके का है। बताया जा रहा है कि लोधा इलाके में पुलिस की गाड़ी एक आरोपी को ले जा रही थी, तभी पुलिस की गाड़ी की कैंटर से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी में सवार एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य घायल हुए हैं। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रास्ते से हटाया गया।

## पहलगाम के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा, आतंक के आकाओं को मिलाया मिट्टी में : अनुराग सिंह ठाकुर

शिमला (ए)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी सीमा के अंदर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी संप्रभुता, निजता, एकता व किसी भी भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है और नये भारत की ऊर्जावान व भारतीय सेना ईंट का जवाब पत्थर से देने में सक्षम है। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा बेक़सूर नागरिकों की निर्मम हत्या कर भारत की बेटियों-बहनों का सुहाग उजाड़ने की घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को झकझोर दिया था। आज भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर चल रहे आतंकी ट्रेनिंग कैंपों और उनके ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत नेस्तनाबूद कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आतंक के आकाओं को मिट्टी में मिलाने, पहलगाम के गुनहगारों को चुन-चुन कर सजा देने का वादा पूरा हुआ

## हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा को लखीमपुर खीरी जाने की इजाजत, सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त जमानत

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत की शर्तों में छूट दी है कि आरोपी प्रत्येक रविवार को लखीमपुर खीरी में रुक सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को राहत देते हुए कहा कि वह शनिवार शाम को लखीमपुर खीरी जा सकता है लेकिन रविवार शाम तक उसे लखीमपुर खीरी छोड़ना होगा। अदालत ने यह भी कहा कि इस दौरान आशीष मिश्रा किसी सार्वजनिक मीटिंग में भाग नहीं लेगा और न ही किसी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होगा। आशीष मिश्रा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दलील दी गई थी कि वह अपनी मां और बच्चों से मिल नहीं पाता है। साथ ही वह अपने बच्चों और परिवार के साथ समय बिताना चाहता है। आशीष मिश्रा के वकील ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के जो आरोपी हैं, उनकी जमानत की शर्तों में ऐसा कुछ नहीं है, जबकि वे जमानत के बाद भी लखीमपुर में रह रहे हैं। इस बीच, यूपी सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि 16 चश्मदीद गवाहों की गवाही हो चुकी है, जबकि कुल 208 गवाह हैं।

## भारत को छेड़ने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं, आतंकियों का सफाया करके ही सांस लेंगे : शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को नहीं छेड़ता है, अगर कोई हमें छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हम सबका कल्याण चाहते हैं और इसलिए हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़ता है तो उसे हम नहीं छोड़ते। यह अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने नई दिल्ली स्थित पूसा में आयोजित कृषि आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन



को संबोधित करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक तरफ आईपीएल भी चल रहा है, तो दूसरी तरफ आतंकवादियों के सफाए का महाअभियान चल रहा है। हमारी बेटियों की इज्जत को तार-तार करने वालों का सफाया हो चुका है। इन आतंकवादियों और उनके ठिकानों, उन्हें समर्थन देने वालों का सफाया हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा यही संकल्प है कि आतंकवादियों को जड़ से मिटाकर ही सांस लेंगे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, विकास कोई साधारण कार्य नहीं है, यह वास्तव में असाधारण है। हालांकि, मैं इस क्षेत्र में परियोजनाओं और विकास के बारे में अभी विस्तार से नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि हमारा देश, भारत, 5,000 वर्षों से अधिक पुराने ज्ञात इतिहास वाला एक प्राचीन और महान राष्ट्र है। 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ली, (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुए है। इस बीच पूर्व निर्धारित बैठक में हिस्सा लेने ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वो 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का भारत दौरा रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से है। दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश भारत-ईरान मैत्री संधि की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।विदेश मंत्रालय की ओर से ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का स्वागत किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मथामौर गांव में एक चौपाल के दौरान ग्रामीणों से बातचीत की।

## देश की संप्रभुता की रक्षा में किसी भी हद तक जा सकते हैं : राजनाथ

नई दिल्ली (ए) । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने हमेशा जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका निभायी है लेकिन यदि कोई सहनशीलता और संयम का नाजायज फायदा उठायेगा तो देश की संप्रभुता की रक्षा में भारत किसी भी हद तक जा सकता है। सिंह ने गुरूवार को यहां रक्षा उत्पादन तथा गुणवत्ता आश्वासन संगठन के एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना की और कहा कि भारत ने हमेशा जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका संयम से निभायी है लेकिन इसका नाजायज फायदा उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा , हमने हमेशा ही एक जिम्मेदार राष्ट्र होने की भूमिका बड़े संयम से निभायी है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं, कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए से हो। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है, कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फ़ायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही, 'क्वालिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा , भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में, कोई भी हद हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी, इसका मैं देशवासियों को भरोसा देता हूँ। ऐसी जिम्मेदाराना कार्रवाई के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं। सिंह ने कहा कि यदि भारत की यह तैयारी बनी है, तो इसमें गुणवत्ता आश्वासन संगठन की बड़ी भूमिका है। भारत का यह निरंतर बढता औद्योगिक दायरा देश को एक अभूतपूर्व संबल प्रदान कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेनाओं ने मंगलवार रात ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नापाक हरकत का गुरूवार सुबह करारा जवाब दिया और पाकिस्तान में अनेक ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया। एक हमले में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया गया।

# साड़ी को लेकर अपने प्रेम को लेकर चर्चा में लक्ष्मी मांचू



मुंबई (ए.)। अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू भारतीय पारंपरिक परिधान साड़ी को लेकर अपने प्रेम और जुनून को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में लक्ष्मी मांचू ने मेक इन इंडिया अभियान के तहत आयोजित एक फैशन इवेंट में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने साड़ी को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने बताया कि साड़ी सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की आत्मा है, जिसे वह गर्व से दुनिया के सामने प्रस्तुत करती हैं। लक्ष्मी मांचू ने बताया कि वह उन महिलाओं में से हैं जो आम दिन में भी साड़ी पहनने से हिचकती नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं मुंबई में कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती हूं क्योंकि मेरे लिए यह सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं, बल्कि मेरी पहचान है। मुझे इस परिधान से विशेष जुड़ाव महसूस होता है। यह न सिर्फ स्त्री की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि उसकी गरिमा और संस्कृति को भी दर्शाता है। इवेंट में लक्ष्मी ने कांचीपुरम और कोटा जैसे पारंपरिक भारतीय वस्त्रों के साथ प्रयोग की बात भी साझा की। उन्होंने कहा कि मुंबई जैसे महानगरों में असली जरी मिलना मुश्किल होता है, इसलिए उन्होंने खुद जाकर मास्टर कारीगरों से संपर्क किया और उनसे असली जरी मंगाकर एक खास साड़ी बनवाई। इसके अलावा, उन्होंने कलमकारी डिज़ाइन भी खुद हाथ से तैयार किए, जिसे देखकर बुनकर भी हैरान रह गए और उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसा काम उन्होंने पहले कभी नहीं देखा।

लक्ष्मी का मानना है कि भारतीय पारंपरिक परिधानों की खासियत और उनकी विरासत को सिर्फ त्योहारों या आयोजनों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साड़ी ऐसा परिधान है जिसे दुनिया भर में सराहा जाता है और यह भारत की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है। गौरतलब है कि लक्ष्मी मांचू मशहूर अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं और उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत अमेरिकी टेलीविजन शो 'लास वेगास' से की थी।

## 21 साल बाद फिर से रिलीज हो रही सैफ और रानी की यह सुपरहिट फिल्म, जानें कब देख सकेंगे



सिनेमा की दुनिया में री-रिलीज का सिलसिला चल पड़ा है। आए दिन फिल्मों को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। अब इसी कड़ी में साल 2004 में रिलीज हुई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'हम तुम' एक बार से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आइए जानते हैं किस दिन री-रिलीज होगी फिल्म?

**इस दिन री-रिलीज होगी फिल्म?**

कुणाल कोहली के निर्देशन में बनी फिल्म 'हम तुम', जो अंग्रेजी फिल्म 'व्हेन हैरी मेट सैली' की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी, जिसमें सैफ अली खान और रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म अब 21 साल बाद फिर से 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

**क्या है फिल्म की कहानी?**

'हम तुम' फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें करण कपूर (सैफ अली खान) और रिया प्रकाश (रानी मुखर्जी) के बीच की प्रेम कहानी दिखाई गई है, जो एक फ्लाइट में एक-दूसरे से मिलते हैं। हालांकि, पहले तो वे एक-दूसरे से जुड़ते नहीं हैं, लेकिन किस्मत उन्हें एक-दूसरे के करीब ले आती है और उनके बीच रोमांस शुरू हो जाता है। इसी आधार पर कहानी आगे बढ़ती है।

# राहुल वैद्य की पत्नी और बहन पर फूटा विराट कोहली के फैंस का गुस्सा



मुंबई (ए.)। क्रिकेटर विराट कोहली द्वारा टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर 'लाइक' करने को लेकर एक विवाद खड़ा हो गया है। विराट ने बाद में सफाई दी कि उन्होंने जानबूझकर तस्वीरें लाइक नहीं की थीं और यह इंस्टाग्राम के एल्गोरिदम की वजह से हुआ। इसी बीच सिंगर राहुल वैद्य ने इस मामले पर चुटकी लेते हुए सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया दी, जिसके बाद विराट के फैंस राहुल की पत्नी दिशा परमार और उनकी बहन को गालियां देने लगे। इसके विरोध में राहुल ने दो वीडियो शेयर किए और फैंस को आड़े हाथों लिया।

अपने पहले वीडियो में राहुल ने कहा कि अगर आगे से उनके अकाउंट से किसी भी लड़की की तस्वीर लाइक होती है, तो यह इंस्टाग्राम की गलती होगी, ना कि उनकी। उन्होंने इस मुद्दे पर तंज कसते हुए कहा कि कोई भी पीआर इसे तूल न दे। इसके बाद राहुल ने एक और वीडियो में बताया कि उन्हें विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया है, लेकिन उन्होंने इसे भी इंस्टाग्राम के एल्गोरिदम की गलती बताया। राहुल का व्यंग्य यही था कि जैसे विराट ने अपनी 'लाइक' को एल्गोरिदम की गलती बताया, वैसे ही यह ब्लॉक करना भी किसी तकनीकी गड़बड़ी का नतीजा हो सकता है।

वीडियो के बाद राहुल ने दो इंस्टाग्राम स्टोरीज शेयर कीं जिनमें उन्होंने विराट के फैंस को "जोकर" कहा। उन्होंने लिखा कि विराट कोहली के प्रशंसक खुद विराट से भी बड़े जोकर हैं और जब वह उनके खिलाफ बोले तो उन पर नहीं, बल्कि उनकी पत्नी और बहन पर अपशब्दों की बौछार होने लगी।

उन्होंने यह भी लिखा कि जब उनकी फैमिली को गालियां मिल रही हैं, तो यह दर्शाता है कि वह जो कह रहे थे वह सही है और ऐसे फैंस को उन्होंने 2 कौड़ी के जोकर कहकर करारा जवाब दिया।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर ने भारतीय प्रशंसकों के लिए बनाया सीक्रेट इंस्टाग्राम अकाउंट?



इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर, जो पूरे दक्षिण एशिया में, विशेष रूप से भारत में, बड़ी फैन फॉलोइंग रखती हैं, इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गई हैं। हाल ही में भारतीय सरकार द्वारा पहलगाम हमले के बाद हानिया के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया, जिसके बाद उनकी ऑनलाइन गतिविधियों में अचानक बदलाव देखा गया। हानिया आमिर के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहले उनकी पोस्ट्स पर 9.5 लाख से ज्यादा लाइक्स और हजारों कमेंट्स आते थे। लेकिन अकाउंट ब्लॉक होने के बाद, उनकी पोस्ट्स पर लाइक्स की संख्या गिरकर 85 हजार के करीब रह गई। इसे भारतीय दर्शकों की कमी का परिणाम माना जा रहा है।

जल्द ही 'naaamtousunahogaa' नाम से एक नया अकाउंट सामने आया, जो भारतीय यूजर्स के लिए दिखाई दे रहा था। दिलचस्प बात यह है कि इस अकाउंट को हानिया के आधिकारिक हैंडल ने भी फॉलो किया था, जिससे अटकलें लगाई जाने लगीं कि यह अकाउंट भारतीय प्रशंसकों के लिए विशेष रूप से बनाया गया है। जहां कुछ प्रशंसकों ने इस कदम को हानिया की ओर से अपने भारतीय फैंस से जुड़े रहने का स्मार्ट तरीका कहा, वहीं कुछ लोगों ने उन्हें भारतीय ध्यान पाने के लिए बेताब और आत्मसम्मान की कमी का आरोप लगाया।

इस मामले पर बढ़ती अटकलों के बीच हानिया की टीम ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि उनका निजी अकाउंट इंस्टाग्राम द्वारा हटा दिया गया था, इसलिए उन्होंने एक नया अकाउंट बनाया। यह भारतीय प्रशंसकों के लिए नहीं था और इसे अभी तक प्राइवेट भी नहीं किया गया था। टीम ने यह भी साफ किया कि हानिया भारतीय दर्शकों से जुड़ने या भारत में काम पाने की कोशिश नहीं कर रही हैं।

बैन के बावजूद, हानिया के भारतीय प्रशंसक अभी भी उनसे जुड़े रहने का तरीका खोज रहे हैं। कई प्रशंसक वीपीएन का इस्तेमाल कर उनकी पोस्ट्स देख रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया, मैंने आपके लिए वीपीएन लिया है, जिस पर हानिया ने प्यार भरे अंदाज में जवाब दिया, रो दूंगी।

## 'तुम्हारा भारतीय फिल्मों में काम करना हमारे लिए शर्मनाक', रूपाली गांगुली ने फवाद खान को लताड़ा



अनुपमा अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान को जमकर लताड़ा है। अभिनेत्री ने पाकिस्तानी एक्टर को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'शर्मनाक हमला' कहा था। अब अभिनेत्री ने पाकिस्तानी अभिनेता की आलोचना की है।

**रूपाली गांगुली ने की आलोचना**

फवाद खान के बारे में एक खबर पर रिएक्शन देते हुए रूपाली गांगुली ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, 'आपका भारतीय फिल्मों में काम करना हमारे लिए भी शर्मनाक था।' अभिनेत्री की इस प्रतिक्रिया का यूजर्स ने समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तानी एक्टर की आलोचना भी की।

इससे जुड़ी यह खबर भी पढ़ें- स्न्ड्ड2ड्डस्र चद्धड्डठ्ठ-स्रुद्धद्बह्लड्ड चद्धड्डठ्ठ- भारतीय सिने एसोसिएशन ने पाक कलाकारों पर किया कड़ा प्रहार, बोले- 'इन्हें बैन करेंज'

**फवाद खान ने क्या लिखा था?**

'कपूर एंड संस और 'ऐ दिल है मुश्किल सहित कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके हमले के बाद मारे गए आतंकियों के लिए दुख जताया था। उनकी पोस्ट में लिखा था, 'इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं मृतकों और उनके प्रियजनों के लिए दुआ करता हूं।' एक्टर ने आगे कहा, 'सभी से विनम्र निवेदन है, भड़काऊ शब्दों से आग को भड़काना बंद करें।

# पूल साइड हॉट पोज देती नजर आईं एक्ट्रेस, वीडियो वायरल पर फैंस बोले- एआई ने बनाई एंजेल मल्लिका



मल्लिका शेरावत ने आज अपना एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह बेहद ही हॉट एंड बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। मल्लिका के इस वीडियो पर फैंस लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और उन्हें ए आई से बनी एंजेल का टैग दे रहे हैं।

**मल्लिका का लेटेस्ट वीडियो**

मल्लिका शेरावत ने आज कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर अपना एक बोल्ड एंड हॉट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह कॉटन की चुन्नी या फिर गमछा लपेटे नजर आ रही हैं। यह वीडियो मल्लिका के घर का है या किसी होटल का यह कहना थोड़ा मुश्किल है। बहरहाल, इस वीडियो में मल्लिका पूल किनारे हॉट पोज देती नजर आ रही हैं। मल्लिका का यह वीडियो अब प्रशंसकों के बीच पसंद किया जा रहा है।

**पूल किनारे मल्लिका**

इस वीडियो में मल्लिका कैमरे की तरफ देखकर पहले पोज देती नजर आ रही हैं और उसके बाद वह अपने बालों को झटकते हुए कैमरे की ओर बढ़ती हैं। मलाइका इस लुक में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'गुड वाइब्स ओनली'। वहीं अब उनके फैंस इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं।

**फैंस की प्रतिक्रियाएं**

मल्लिका के इस वीडियो पर अब फैंस लागतार कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'आपकी खूबसूरती बेमिसाल है, सच में', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत खूबसूरत लग रही हैं', ।

## भारतीय सिने एसोसिएशन ने पाक कलाकारों पर किया कड़ा प्रहार, बोले- 'इन्हें बैन करें'

सात मई को भारत ने पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए उनके नौ ठिकानों को तबाह कर दिया था। भारतीय सेना ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया। इसको लेकर सभी देशवासियों में खुशी है, क्योंकि भारत ने 15 दिन पहले हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 मासूमों की जान गवाने का बदला लिया है। इस जवाबी कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान के तमाम कलाकार बिलबिलाए हुए हैं और भारत की निंदा कर रहे हैं। किसी समय भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में काम करे चुके पाक कलाकार फवाद खान और माहिरा खान ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। अब इसी पर भारतीय सिने एसोसिएशन ने इन कलाकारों को भारत में बैन करने की मांग की है।

**फवाद और माहिरा खान ने किया भारतीय सेना का अपमान**

बुधवार को ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन (AICWA) ने अपन एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान और अभिनेता फवाद खान द्वारा दिए गए भारत विरोधी बयानों की कड़ी निंदा करता है, जिन्होंने खुले तौर पर भारत की आलोचना की है और अपनी संप्रभुता की रक्षा में देश की कार्रवाई पर सवाल उठाया है।

## 'भूल चूक माफ' के OTT रिलीज पर वामिका का बड़ा बयान, बोली- 'भारत और पाकिस्तान के हालात '



एक्ट्रेस वामिका गब्बी की अगली फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी पर अब यह सीधे ओटीटी पर रिलीज होगी। अभिनेत्री ने अमर उजाला से खास बातचीत में बताया कि मेकर्स ने ऐन मौके पर यह फैसला क्यों लिया ?

वामिका गब्बी और राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। कई दिनों के प्रमोशन के बाद आज मुंबई और दिल्ली में फिल्म के प्रेस शोज भी आयोजित किए गए थे। इसी बीच मेकर्स ने एक चौंकाने वाली अनाउंसमेंट कर दी। उन्होंने बताया कि अब यह फिल्म 16 मई को रिलीज होगी और वो भी ओटीटी पर। अब अमर उजाला से एक्सक्लूसिव बातचीत में अभिनेत्री वामिका गब्बी ने मेकर्स के इस फैसले के पीछे की कहानी बयां की।

'इस समय भारत-पाकिस्तान के बीच के हालात नाजुक हैं। देश की स्थिति को देखते हुए थिएटर में फिल्म रिलीज करना संभव नहीं था। हम अपने देश के साथ खड़े हैं। यही हमारी प्राथमिकता है। हालांकि, हम इस बात से भी खुश हैं कि फिल्म आखिरकार ऑडियंस तक पहुंचेगी। मेरा मानना है कि ओटीटी पर रिलीज होगी तो यह और ज्यादा लोगों तक पहुंच सकेगी।'

वामिका ने आगे बताया, 'मैं मेकर्स के इस फैसले से बहुत खुश हूं। फिल्म का थिएटर में रिलीज होना हम सभी के लिए खास था, लेकिन हालात को देखते हुए हम खुश हैं कि फिल्म अब अपने ऑडियंस तक पहुंच सकेगी।'

**बतौर ऑडियंस मुझे भी थिएटर में फिल्में देखना पसंद है**

जब वामिका से पूछा गया कि उन्हें थिएटर में फिल्में देखना कितना पसंद है? तो वामिका ने कहा, 'थिएटर में फिल्म देखने का अनुभव हमेशा यादगार होता है। बतौर ऑडियंस, मुझे पर्सनली थिएटर में फिल्में देखना पसंद है लेकिन इस बार हमें देश की स्थिति को देखते हए डिजिटल रिलीज का रास्ता अपनाना पड़ा।

हालांकि, हम इस फैसले से बेहद खुश हैं क्योंकि इससे फिल्म को ज्यादा ऑडियंस तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।'

# सही फेस प्राइमर चुनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, मिलेगा मनचाहा परिणाम



*फेस प्राइमर एक मेकअप उत्पाद है, जो चेहरे की त्वचा को नमी देता है और मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। सही फेस प्राइमर चुनना बेहद जरूरी है क्योंकि यह आपके मेकअप लुक को पूरी तरह से बदल सकता है।इस लेख में हम आपको कुछ टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने लिए सही फेस प्राइमर चुन सकते हैं और अपने मेकअप को बेहतरीन बना सकते हैं।*

**त्वचा के प्रकार को समझें**

सबसे पहले अपनी त्वचा के प्रकार को समझना जरूरी है। आपकी त्वचा तैलीय, शुष्क, मिश्रित या संवेदनशील हो सकती है। हर प्रकार की त्वचा के लिए अलग-अलग तरह के प्राइमर होते हैं। तैलीय त्वचा वालों के लिए मैट प्राइमर अच्छा होता है, जबकि रूखी त्वचा वालों के लिए नमी देने वाला प्राइमर बेहतर रहता है। संवेदनशील त्वचा वालों के लिए प्राकृतिक तत्वों से बना प्राइमर अच्छा रहता है।

**मौसम का ध्यान रखें**

मौसम भी सही फेस प्राइमर चुनने में अहम भूमिका निभाता है। गर्मियों में उमस और पसीने की समस्या होती है इसलिए ऑयल-कंट्रोल प्राइमर चुनें।सर्दियों में त्वचा सूखी हो जाती है इसलिए नमी देने वाला प्राइमर बेहतर रहेगा।बरसात के मौसम में नमी भरी हवा होती है, जिससे मेकअप बिगड़ सकता है इसलिए पानी से सुरक्षित प्राइमर का उपयोग करें।

सही मौसम के अनुसार प्राइमर चुनने से आपका मेकअप लंबे समय तक बना रहेगा और त्वचा भी स्वस्थ रहेगी।

**त्वचा की रंगत पर ध्यान दें**

हर किसी का त्वचा का रंग अलग होता है, इसलिए अपने रंग के अनुसार प्राइमर चुनना जरूरी है।अगर आपका रंग पीला है तो पीच या पीला प्राइमर अच्छा रहेगा। गुलाबी रंग वालों के लिए गुलाबी या हल्का गुलाबी प्राइमर बेहतर रहेगा।गहरे रंग वालों के लिए ब्रॉन्ज या गहरे टोन वाला प्राइमर अच्छा रहेगा। सही रंग वाला प्राइमर चुनने से आपका मेकअप चेहरे पर जचेगा और त्वचा भी निखरी हुई लगेगी।

**सूरज की हानिकारक किरणों से करें बचाव**

आजकल बाजार में सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने वाले प्राइमर भी उपलब्ध हैं, जो सूरज की किरणों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो दिनभर धूप में रहते हैं या बाहर ज्यादा समय बिताते हैं। ये प्राइमर आपकी त्वचा को निखारने के साथ-साथ उसे सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाते हैं।इसे अपने मेकअप रूटीन में शामिल करने से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है।

# जींस पहनते समय न करें ये गलतियां, लुक नहीं लगेगा अच्छा



जींस को पहनना एक सामान्य बात है, लेकिन इसे सही तरीके से पहनना बहुत जरूरी है। जींस पहनते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं, जिनसे आपका लुक बिगड़ सकता है।इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आप हमेशा स्टाइलिश और आरामदायक महसूस कर सकें।सही फिटिंग, रंगों का चयन, एक्सेसरीज का मेल और कपड़ों की देखभाल पर ध्यान देना जरूरी है।

**सही फिटिंग की अहमियत समझें**

जींस खरीदते समय सबसे पहले उसकी फिटिंग पर ध्यान दें।ढीली या बहुत टाइट जींस पहनकर आप न तो आरामदायक महसूस करेंगे और न ही स्टाइलिश दिखेंगे। हमेशा अपनी शरीर की बनावट के अनुसार सही फिटिंग वाली जींस चुनें।अगर जींस थोड़ी ढीली लग रही हो तो उसे बेल्ट के साथ पहन सकते हैं, लेकिन बेहतर होगा कि आप सही साइज की जींस ही खरीदें ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।

# रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट में 5 अद्भुत रिकॉर्ड्स, जिन्हें तोड़ पाना असंभव



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अचानक बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. रोहित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने संन्यास की जानकारी दी है. हिटमैन ने 67 मैचों की 116 पारियों में 12 शतक और 18 अर्धशतकों के साथ 4301 रन बनाए हैं. उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 2 विकेट भी हासिल किए हैं. आज उनके टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के मौके पर हम आपको उनके 5 अद्भुत रिकॉर्ड्स के बारे में बताने वाले हैं.

भारत के लिए रोहित शर्मा ने अपना टेस्ट डेब्यू 6 नवंबर 2013 को किया था. उन्होंने अपने टेस्ट डेब्यू पर सेंचुरी लगाई थी. वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम पर उन्होंने 301 गेंदों में 177 रनों की शानदार पारी खेली थी. इस पारी के दौरान उन्होंने 23 चौके और 1 छक्का लगाया था. इस मैच को टीम इंडिया ने एक पारी और 51 रनों से जीत लिया.रोहित शर्मा ने साल 2019 में कमाल कर दिखाया जब उन्होंने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेले मैच में रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 और दूसरी पारी में 127 रन बनाए थे. भारत के लिए वो एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए.भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक और अद्भुत रिकॉर्ड दर्ज है. वो भारत की ओर से 7वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बनाने वाले खिलाड़ी है. उन्होंने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर 435 गेंदों में 280 रनों की साझेदारी की थी. रोहित ने ये कारनामा वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में किया था.रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार 5 मैचों में 50 रनों का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड भी बनाया है. उन्होंने 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 68, कोलकाता में दूसरी पारी के दौरान 82, इंदौर में पहली पारी में नाबाद 51, 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नागपुर में नाबाद 102 और दिल्ली में पहली पारी में 65 और दूसरी पारी में नाबाद 50 रन की पारी खेली थी.रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड रखते हैं. उन्होंने 67 मैचों की 116 पारियों में कुल 88 छक्के लगाए हैं. भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं जिन्होंने 90 छक्के लगाए हैं. रोहित उनसे सिर्फ 2 छक्के दूर रह गए.

# ओलंपिक के लिए लवलीना को बदलना होगा वजन वर्ग

नई दिल्ली (ए.)। अब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए 75 किग्रा भार वर्ग को समाप्त कर दिया है। ऐसे में भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को अब 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को देखते हुए अपना वजना वर्ग बदलना होगा। लवलीना अब तक 75 किग्रा भार वर्ग में उतरती रही हैं पर उन्हें अब या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में उतरना होगा। आईओसी की घोषणा को देखते हुए लवलीना ने कहा, ''यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।''



उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस बदलाव हैरान थी लेकिन उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकर कोई अंतिम फैसला किया जाएगा। बोरा ने कहा, '''इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं। अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में उतर सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।''अभी बोरगोहेन का वजन 74 किलोग्राम है और बोरा ने कहा कि बहुत अधिक वजन कम करने से ताकत में कमी आ सकती है। इसलिए हम देखेंगे कि उसे किस चीज से अधिक फायदा मिलता है।'' इस महिला मुक्केबाजी को पिछले महीने ही 2028 ओलंपिक में शामिल करने की पुष्टि की गई थी।

# सीएसके ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को चटाई धूल, ब्रेविस और दुबे ने खेलीं शानदार पारियां

## नूर ने चटकाए 4 विकेट

कोलाकाता,(ए.)। आईपीएल 2025 के 57वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से हरा दिया है. धोनी ने अंत तक नाबाद रहते हुए अंशुल कम्बोज के साथ मिलकर अंतिम ओवर में 2 बॉल बाकी रहते हुए टीम को जीत दिला दी. यह चेन्नई की टूर्नामेंट में तीसरी जीत है. केकेआर इस हार ने केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को कुछ हद कर झटका दिया है.

इस मुकाबले में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीता और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पहले बॉलिंग करने के लिए कहा. केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए. सीएसके ने 19.4 ओवर में 8 विकेट खोकर 180 रनों के लक्ष्य को 183 रन बनाकर सफलता पूर्वक हासिल कर लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 बॉल पर 4 चौके और 4 छक्कों के साथ 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. शिवम दुबे ने 40 बॉल में 2 चौके और 3 छक्कों के साथ 45 रनों की पारी खेली.

इन दोनों के अलावा डेब्यू मैच में उर्विल पटेल ने 11 बॉल में 1 चौके और 3 छक्कों के साथ 31 रनों की विस्फोटक पारी खेली. धोनी 17 और अंशुल कम्बोज 4 रन पर नाबाद रहे और अपनी टीम को जीत दिलाकर लौटे. केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 3, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट हासिल किए. 1 विकेट मोईन अली के हाथ भी लगा.

इससे पहले केकेआर के कप्तान रहाणे ने 33 बॉल में 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा सुनील नारायण ने 26, मनीष पांडे ने नाबाद 36 और आंद्रे रसेल ने 38 रन बनाए. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 4 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. उनके अलावा रविंद्र जडेजा व अंशुल काम्बोज ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.

## अजिंक्य रहाणे ने रचा इतिहास, आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बन

कोलकाता,(ए.)। अजिंक्य रहाणे ने कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले जा रहे आईपीएल 2025 के 57वें मैच में इतिहास रचते हुए एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है. कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में रहाणे ने आईपीएल इतिहास में अपने 5000 रन पूरे कर लिए हैं.

अजिंक्य रहाणे ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 31 रन बनाते ही इंडियन प्रीमियर लीग में अपने 5000 रन पूरे कर लिए. इस मैच से पहले उन्होंने 96 आईपीएल मैचों में कुल 4969 रन बनाए हैं. अब वो आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी 5000 के आंकड़े को पार कर पाए हैं. इसके साथ ही वो आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले ओवरऑल बल्लेबाजों की लिस्ट में 9वें स्थान पर आ गए हैं.इस मैच में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीता और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पहले बॉलिंग करने के लिए कहा. केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए. केकेआर के कप्तान रहाणे ने 33 बॉल में 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा सुनील नारायण ने 26, मनीष पांडे ने नाबाद 36 और आंद्रे रसेल ने 38 रन बनाए. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 4 और रविंद्र जडेजा व अंशुल काम्बोज ने 1-1 विकेट अपने नाम किया .

# स्पिनर वरुण पर जुर्माना

कोलकाता (ए.)। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर जुर्माना लगाया गया है। वरुण पर सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज हुआ है। वरुण को आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ये मैच में किसी अन्य खिलाड़ी के प्रति अपमानजनक भाषा, कार्य या हाव-भाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने को लेकर है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, वरुण ने अपनी गलती को अपराध को स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की सजा को मान लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है।इसके तहत जब कोई बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट रहा होता है तो उत्साह में कई बार गेंदबाज बल्लेबाज ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे बल्लेबाजी की ओर से जवाबी प्रतिक्रिया मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इससे कई अवसरों पर मैदानी अंपायरों को बीच-बचाव के लिए आना पड़ता है। गेंदबाज की ओर से बल्लेबाज के प्रति इस तरह की प्रतिक्रिया को अपमानजनक माना जाता है। जब कोई बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट रहा हो उस समय गेंदबाज की ओर से उसके बहुत करीब जाकर जश्न मनाना, आउट बल्लेबाज को मौखिक रूप से गाली देना, पवेलियन की ओर इशारा करना आदि ऐसे मामले हैं जिनमें गेंदबाज को दोषी ठहराया जा सकता है।



# बावुमा का डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलना संदिग्ध



जोहान्सबर्ग (ए.)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के टेस्ट कैप्टन टेम्बा बावुमा के जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेलने को लेकर आशंकाएं हैं। बाउमा अभी तक कोहनी की चोट से नहीं उबरे हैं। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला 11 जून से शुरु होगा और इसमें अभी दो माह का ही समय है। बावुमा कोहनी में चोट के कारण घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट से भी बाहर हैं। बावुमा पहले फाइनल के लिए केप टाउन से लायंस टीम के साथ जुड़ने वाले थे पर अब भी फिट नहीं होने के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। ये पहली बार नहीं है जब बावुमा खराब फिटनेस के कारण मुकाबलों से बाहर हैं। वह साल 2022 में भी अपनी बाईं कोहनी की चोट से परेशान थे। जिससे उन्हें काफी समय बाहर रहना पड़ा और वह तब इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये थे। पिछले साल भी अबू धाबी में एक एकदिवसीय में आयरलैंड के खिलाफ एक रन लेते हुए वह अजीब तरह से कोहनी के बल गिरने के बाद बाहर हो गये गये थे।

इसके बाद बावुमा ने वापसी करते हुए श्रीलंका के खिलाफ चार अर्धशतक के साथ वापसी की। उन्होंने पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की थी पर वह अपनी कोहनी पर भारी स्ट्रैपिंग के साथ उतरे थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से ही वह खेल से दूर हैं।

# जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा

नई दिल्ली (ए)। भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य इस साल के अंत में चिली में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे भी इस खिलाड़ी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी।

## विदेश समाचार

# अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात, ईरान ने प्रस्ताव से जुड़ी रिपोर्ट को किया खारिज

तेहरान ,(आरएनएस)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाघई ने इस बात से भी इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मिल सकते हैं।

प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया। साथ ही कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों, जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शामिल है, उसकी सारी जानकारी विदेश मंत्रालय पारदर्शी, पेशेवर और समय पर तरीके से साझा करता है।

ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व अराघची और विटकॉफ कर रहे हैं, उन्होंने अब तक तीन दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। पहले और तीसरे दौर की वार्ता ओमान की राजधानी मस्कट में 12 और 26 अप्रैल को हुई, जबकि दूसरा दौर 19 अप्रैल को रोम में हुआ। चौथा दौर 3 मई को रोम में होने वाला था, लेकिन ओमान के मध्यस्थ ने लॉजिस्टिक कारणों से स्थगित कर दिया।

ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से जुड़े नूर न्यूज ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच चौथे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता रविवार को मस्कट में होगी।

हालांकि, बुधवार को बाघई ने कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तारीख और स्थान अभी तय नहीं हुआ है।

अमेरिका और ईरान दोनों ने अब तक अपनी वार्ताओं को सामान्य रूप से उपयोगी बताया है, जिसमें पिछला दौर भी शामिल है। यह घोषणा तब की गई है, जब अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल्स के कथित अवैध व्यापार में शामिल संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।


# पाकिस्तान : लाहौर स्थित वाल्टन एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाके की आवाज

लाहौर (आरएनएस)।'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के लाहौर में धमाकों से जुड़ी खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि लाहौर में एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज सुनी गई है। लाहौर पुलिस के मुताबिक लाहौर के वाल्टन रोड पर जोरदार धमाका हुआ है। करीब 2 से 3 ब्लास्ट हुए हैं। इन धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए।

फिलहाल धमाकों की वजह और जानमाल के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और किसी को भी घटनास्थल पर जाने नहीं दे रही है। लाहौर में धमाकों से जुड़ी यह खबर उस समय सामने आई है, जब 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।

# या खुदा आज बचा लो', संसद में फूट-फूटकर रोने लगा पाकिस्तानी सांसद;



नई दिल्ली,(आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत औक पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। वहीं, इस बीच पाकिस्तान के एक नेता की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हमले से सहमे पाकिस्तान के नेशनल एसेंबली में PMLN (पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन) सासंद ताहिर इकबाल रोने लगे।

पाक पीएम शहबाज शरीफ की पार्टी है। पाकिस्तानी संसद में ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह हमारी हिफाजत करे। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ सहित कई नेता डरे हुए हैं। भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान के कई इलाकों में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने इंडियन आर्मी के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की।पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को टारगेट करने की नाकाम कोशिश की थी, जिसमें से 7 शहर पंजाब के थे। भारत के एस-400 ने आसमान में ही पाकिस्तान के मिसाइल को तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए।

# भारत के आतंकी ठिकानों पर हमले से पाकिस्तान में मातम, जनाजों में शामिल हुए पाक सेना और आईएसआई अफसर

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पड़ोसी मुल्क में मातम का माहौल है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन हमलों में मारे गए आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भी शामिल हुए और मातम मनाते नजर आए। इस दौरान भारत के खिलाफ नारेबाजी भी की गई, जिसने एक बार फिर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को उजागर कर दिया है। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी अड्डों को निशाना बनाते हुए मिसाइलें दागी थीं। इन सटीक हमलों में बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने भारतीय एयरस्पेस में रहते हुए ही पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल अटैक किए।बताया जा रहा है कि बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों में जैश और लश्कर के कई बड़े आतंकवादियों के मारे जाने की खबरें हैं। हमलों के बाद जहां पाकिस्तान सरकार बयानबाजी कर रही थी, वहीं आतंकियों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ था।

# पाकिस्तानी सेना के 12 जवानों की मौत, बलोच आर्मी ने आईईडी विस्फोट से उड़ाई गाड़ी






इस्लामाबाद (आरएनएस)। भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के लिए संकट और गहरा गया है। इस बार झटका अपने ही देश बलूचिस्तान से मिला है। बलोच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने एक बार फिर पाकिस्तानी सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के माच कुंड क्षेत्र में BLA के स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशन स्क्वैड (STOS) ने सेना की गाड़ी को रिमोट कंट्रोल IED से उड़ा दिया, जिसमें 12 जवानों की जान चली गई।

हमला उस वक्त हुआ जब सुरक्षाबलों की टीम किसी सैन्य ऑपरेशन के लिए जा रही थी। धमाका इतना जबरदस्त था कि सेना की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और जवानों के शव कई मीटर तक बिखर गए। घटना की फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें धमाके की भयावहता साफ नजर आ रही है। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने आधिकारिक बयान में सिर्फ 7 सैनिकों की मौत की पुष्टि की है। सेना ने यह भी बताया कि हमले के बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बलूच लिबरेशन आर्मी लगातार पाकिस्तान के खिलाफ हिंसक अभियान चला रही है। मार्च में BLA ने क्वेटा-पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस का अपहरण किया था, जिसमें 440 यात्री सवार थे। उसमें भी दर्जनों पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे।

# शहबाज बोले- भारत से 80 विमान आए और पाकिस्तान में कहर बरपा कर चले गए

इस्लामाबाद(ए.)। भारत ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को मिटाकर वहां की सरकार और सेना को बड़ा झटका दिया है। भारत के इस हमले को कई घंटे बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान में अब भी डर का माहौल बना हुआ है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी भारत की ओर से बरपाए गए कहर को स्वीकार किया है और बताया है कि इस हमले में भारत के 80 विमान शामिल थे।



पाकिस्तानी पीएम शरीफ का कहना है कि किसी भी हमले से निपटने के लिए पाकिस्तान की सेना तैयार थी। हालांकि, इसकी असलियत इसी बात से पता चल जाती है कि भारत ने बिना किसी दिक्कत के कुछ ही मिनटों में मिसाइलों से हमले करके पाकिस्तान के कई ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया और पाकिस्तान देखता ही रह गया। यहां तक कि जैश प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों की भी इस हमले में मौत हो गई। बता दें कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से जोरदार हमला बोला। बीती रात हुई इस कार्रवाई का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया था, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के 90 से ज्यादा आतंकी ढेर हो गए। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच संसद के सत्र को संबोधित करते हुए शहबाज ने दावा किया, 80 भारतीय विमान हमले में शामिल थे। शरीफ ने आगे कहा कि उनकी सेना को भारत की योजनाओं के बारे में पहले से ही खुफिया जानकारी थी।

## ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट, अपना पूरा एयर स्पेस बंद किया; क्यों उठाया ये कदम?

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान सरकार और उसकी सेना में खलबली मची हुई है। इस कार्रवाई की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने अब अपने पूरे हवाई क्षेत्र को सभी तरह की उड़ानों के लिए बंद करने का बड़ा कदम उठाया है।

पहले पाकिस्तान ने सिर्फ भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया था, लेकिन भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के आलाकमान ने सभी देशों की उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया है। यहां तक कि पाकिस्तान ने अपनी नागरिक उड़ानों के लिए भी हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया है, केवल कुछ बेहद जरूरी उड़ानों को ही अनुमति दी जा रही है। इस फैसले के कारण पाकिस्तान में लगभग 135 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रियल-टाइम फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइट रडार 24 के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान में 16त्न और भारत में 3त्न कमर्शियल उड़ानें रद्द हुई हैं।

## कक्षा दसवीं में दीया शर्मा का सुयश



सीहोर (निप्र)। एमपी बोर्ड का 10वीं के परिणाम में शहर के श्रीराम कालोनी रहने वाली और एक निजी स्कूल में अध्ययनरत दीया शर्मा पुत्र गोविन्द शर्मा ने 75 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। इस मौके पर दीया शर्मा को सर्व ब्राह्मण समाज सहित अन्य ने बेटी को बधाई दी।

## सीहोर गर्ल्स ने सीहोर ब्लू को 2-0 से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग और जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में ग्रीष्म कालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को खेले गए दो मुकाबले एक तरफा रहे इसमें पहला मैच सीहोर गर्ल्स ने सीहोर ब्लू को 2-0 से हराया। इधर एक अन्य मैच सीहोर क्लब ने सीहोर चिल्ड्रन ने 5-1 से जीत हासिल की।गुरुवार को पहला मैच सीहोर गर्ल्स की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इसमें गर्ल्स ने ब्लू को 2-0 से हराया। सीहोर गर्ल्स की ओर से माया-मुस्कान ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर क्लब ने सीहोर चिल्ड्रन से 5-1 से जीत हासिल की।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के अनेक गांवों में जल चौपाल आयोजित

### नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक, जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ

सीहोर (निप्र)। जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने एवं जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सोहनखेड़ा, बिलकिसगंज, कांकड़खेड़ा, इटावाखुर्द, पिपलानी, कनेरिया, हालियाखेड़ी बालापुरा, सहित जिले के अनेक गांवों में जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस जल चौपाल में ग्रामवासियों को जल संरक्षण, जल प्रबंधन और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जल चौपाल में ग्रामवासियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से जल का सरंक्षण कर भविष्य में उत्पन्न होने वाले जल संकट को रोका जा सकता है। इस अवसर पर ग्रामवासियो को बताया गया कि जल की एक-एक बूंद बहुत कीमती है। प्रकृति की इस अमूल्य धरोहर को सहेजना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। यदि आज हम जल का संरक्षण करते हैं तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित कल दे सकते हैं। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई और सभी ग्रामवासियों ने जल बचाने के लिए संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के



निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर ग्रामीणों तक सुगमता से पहुंचाएं लाभ- जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन

### जिला पंचायत सीईओ ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण और विकास कार्यों, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण कराएं। इसके साथ ही उन्होंने शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर ग्रामीणों तक सुगमता से योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।




जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जो कार्य स्वीकृत हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कर कराया जाए तथा जो कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें जल्द पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित तालाब, जलाशय आदि जल संरचनाओं की मरम्मत तथा गहरीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा नवीन जल संरचनाओं के निर्माण में भी तेजी लाएं।

## एमओआरडी के नेशनल मिशन मैनेजर ने किया स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण



सीहोर (निप्र)। एमओआरडी के नेशनल मिशन मैनेजर अबू सेफी एवं राज्य परियोजना प्रबंधक धीरेंद्र सिंह ने सीहोर स्थित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से चर्चा की तथा सॉफ्ट स्किल, बैंक लिंकेज एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने के संबंध में हितग्राहियों को सुझाव दिए। इसके साथ ही उन्होंने भाऊखेड़ी स्थित आजीविका पार्क में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।

## तिरंगा लहरा कर तीन दिवसीय उर्स का किया गया समापन

सीहोर (निप्र)। हजरत दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह परिसर बुधवार की रात हिन्दूस्तान जिंदावाद के नारों से गूंज उठा। कव्वालों ने अपने देशभक्ति और निसवती कलामों से हिन्दूस्तानियों में वतन परस्ती का जोश भर दिया। तिरंगा लहराकर तीन दिवसीय उर्स का समापन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने हिन्दूस्तानी सरजंमी को अपना मानकर देश की रक्षा में योगदान देने सहित देश को सुरक्षित रखने और भारतीय होने पर गर्व करने के साथ हिन्दु मुस्लिम सिख इसाई की एकता भाईचारे का पैगाम दिया।शहर के हजरत दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह पर इस वर्ष 57वां उर्स कुछ अलग ही दिखाई दिया।

## जिला प्रशासन ने की स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही



सीहोर (निप्र)। गुरुवार, 8 मई को तहसील, नजूल एवं नगर पालिका के अमले ने जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। ज्ञातव्य है कि नगर के वाल्मीकि मोहल्ला स्टेशन रोड पर कई समय से अतिक्रमण किया हुआ था। जिस पर जिला प्रशासन की टीम द्वारा जेसीबी चलाई गई। उक्त कार्यवाही के तहत लक्ष्मण सिंह, दुर्गा प्रसाद, रमेश कुशवाह, अनिल कुशवाह का अतिक्रमण हटाया गया है। साथ ही सभी को उक्त जगह पर दोबारा अतिक्रमण ना किये जाने की चैतावनी भी दी है।

## नदी की सफाई के लिए पोकलेन मशीन और डंपर का उपयोग, 50 डंपर मलबा हटाया

सीहोर (निप्र)। सीवन नदी के पुनर्जीवन का महत्वाकांक्षी अभियान जारी है। नगर पालिका ने नदी के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए सरकार को 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है। अभियान की शुरुआत गत दिनों प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की उपस्थिति में की गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने की थी। गंगा जल संवर्धन योजना के अंतर्गत चल रहे इस अभियान में बारिश से पहले इसका गहरीकरण हो सकेगा। गुरुवार को पोकलेन मशीन की मदद से मलबा और नदी के चट्टनों को तोड़कर करीब 50 से अधिक डंपर की मदद से सफाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका के अंतर्गत महिला घाट पर पोकलेन और आधा दर्जन डंपर की मदद से नदी से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान शहर के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नदी की सफाई के लिए पोकलेन मशीन और डंपर का उपयोग किया जा रहा है। यह अभियान बारिश के मौसम तक जारी रहेगा ताकि नदी में पर्याप्त जल बना रहे और क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। बारिश से पहले पूरा होना है गहरीकरण का कार्यक्षेत्रवासियों के लिए पानी रिचार्ज करने के लिए बहुत ही उपयोगी और लाइफ लाइन सीवन नदी में नगर पालिका की पहल के बाद से ही तेजी से कार्य किया जा रहा है।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर ( म.प्र. )

दुल्हा बादशाह रोड सीहोर फोन नं. 07562-222701

निविदा सूचना क्रमांक 02/2025-26 दिनांक 06.05.2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित राशि (रू.लाख में) | इलेक्ट्रिानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही प्रस्तुत किये जाये। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB_421320_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत कलेक्ट्रेट ऐरिया एवं आफिसर कॉलोनी के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण कार्य। | प्रथम काल | 19.99 | केवल ऑन लाईन |
| 2. | 2025_PWDRB_421321_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत श्यामपुर,अहमदपुर एवं झरखेड़ा सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण कार्य। | प्रथम काल | 15.00 | केवल ऑन लाईन |
| 3. | 2025_PWDRB_421322_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत सर्किट हाउस एवं रेस्ट हाउस मण्डी के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण कार्य। | प्रथम काल | 19.99 | केवल ऑन लाईन |
| 4. | 2025_PWDRB_421325_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत मुख्यालय आष्टा एवं जावर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण कार्य। | प्रथम काल | 19.99 | केवल ऑन लाईन |
| 5. | 2025_PWDRB_421326_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत इछावर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण कार्य। | प्रथम काल | 10.00 | केवल ऑन लाईन |
| 6. | 2025_PWDRB_421328_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. विधुत यांत्रिकी के कमरे एवं बाशरूम में विशेष मरम्मत कार्य | प्रथम काल | 4.22 | केवल ऑन लाईन |
| 7. | 2025_PWDRB_421330_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर के बहुउद्देशीय हाल की छत पर लगी पुरानी ए.सी.सीट के स्थान पर प्रीकोटेड गैल्वेनाइज्ड आयरन प्रोफाईल शीट का कार्य | प्रथम काल | 4.486 | केवल ऑन लाईन |
| 8. | 2025_PWDRB_421416_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत पी.डब्ल्यू.डी.केम्पस स्थित जी-टाईप आवास क्रं. 86 में विशेष मरम्मत कार्य | प्रथम काल | 2.15 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 21.05.2025 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/12543/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.सं.सीहोर म0प्र0
07562-222701



### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मण्डल अधिकारी सीहोर सामान्य वन मण्डल सीहोर

क्रमांक/शि0/258 सीहोर, दिनांक 01/05/2025

विज्ञप्ति नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन संरक्षित वनक्षेत्र में अवैध सागौन काष्ठ परिवहन में लिप्त होने पर जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया अंतर्गत विचाराधीन है।

| क्र. | वाहन क्रमांक/वाहन का विवरण | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक | वाहन मालिक/आरोपी का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जप्त वाहन मोटर साइकिल हीरो होंडा सी.डी. डॉन बिना नंबर | 42260/06 दिनांक 10/04/2025 | अज्ञात | अवैध परिवहन | दिनांक 10.04.2025 को समय रात्रि लगभग 04.30 ग्राम खवादा रोड पर। | बुदनी |
| 2 | जप्त वाहन मोटर साइकिल हीरो सी.डी. डीलक्स क्रमांक अस्पष्ट चेचिस क्रमांक अस्पष्ट इंजन क्रमांक अस्पष्ट | 42266/16 दिनांक 15/04/2025 | अज्ञात | अवैध परिवहन | दिनांक 15.04.2025 को समय 1.20 ए.एम. पर ग्राम वीट नयापुरा के कक्ष क्रमांक आर. एफ. 407 | लाडकुई |
| 3 | जप्त वाहन मारूति कार क्रमांक MP-09-CJ-0131 चेचिस क्रमांक MA6JF69DLAH010899 इंजन क्रमांक Z2QS1395997K | 42120/11 दिनांक 29/04/2025 | अज्ञात | अवैध परिवहन | ग्राम.सगोनिया से वोरी के बीच पर 01 नग मारूति कार पर सागौन लकड़ियों को अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गई है। | रेहटी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर वाहन संबंधित दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जी/12526/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वन मण्डल अधिकारी
सामान्य सीहोर



### कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email- modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-109/खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनॉक 10/03/2025

प्रथम सूचना

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. सुखबिन्दर सिंह सैनी, आ. श्री लाल सिंह सैनी, निवासी- ई-3/19 जूनियर एम.आई.जी. अरेरा कॉलोनी भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपटटा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक- 36005 दिनांक 24.02.2025** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षित विवरण

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | आबिदाबाद | 279/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 12.869 हे.में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 12.869 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम ह्यह्य तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/12547/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com